छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शुक्रवार 08 नवंबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 315 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3



# हिंडन से लेकर गाजियाबाद की सोसायटियों तक दिखी छठ की छटा

## आस्था और रौनक में नजर आए व्रतधारी और श्रद्धालु



### आज उगते सूरज को अर्घ्य देंगे छठ व्रतधारी

### नगर निगम ने हिंडन घाट पर आयोजित किया लेजर लाइट शो

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और फिर भगवान सूर्य देवता से उपासना की कि उनके परिवार और जीवन को खुशहाल बनाए रखें। इस दौरान हिंडन के छठ घाट से लेकर शहर के अलग-अलग इलाकों में छठ महापर्व की आस्था, रौनक और पूजा अर्चना करने वालों में जोश देखने लायक रहा। शहर के प्रमुख इलाकों में छठ महापर्व की धूम देखने को मिली। तो वहीं आस्था के रंग में रंगे और सजे व्रतधारी अलग ही नजारा प्रस्तुत कर रहे थे। हिंडन के छठ घाट पर पूजा करने वाले व्रतधारियों पर गाजियाबाद के पूर्व सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जनरल वीके सिंह की पुत्री मृणालिनी सिंह ने पूर्वांचल भक्तों के उत्साह को बढ़ाने और उनकी आस्था को नमन करते हुए हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। इस दौरान हिंडन और आसपास के छठ घाटों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। जहां से भी पुष्प वर्षा करते हुए मृणालिनी सिंह का यह हेलीकॉप्टर गुजरा वहां छठ पूजा करने वाले भक्त जोश से भर जाते थे। इस दौरान भगवान सूर्य देवता और छठी मैया की जय जयकार से पूरा इलाका गूंज रहा था। वहीं पूर्वांचल समाज के लोगों ने छठ महापर्व पर हेलीकॉप्टर से की गई पुष्प वर्षा के लिए गाजियाबाद के पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह, पूर्वांचल समाज और उनकी पुत्री मृणालिनी सिंह का धन्यवाद भी दिया है।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल छठ घाट पर एक साथ रहे मौजूद

छठ महापर्व



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नीरज सिंह ने परिवार सहित मनाया छठ पर्व। इस मौके पर उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं। लोक आस्था, पवित्रता व सूर्य उपासना के महापर्व 'छठ पूजा' के निमित्त परिवार व संतान की दीर्घायु के लिए किए जाने वाले तृतीय अनुष्ठान 'संध्या अर्घ्य' की समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान सूर्य देव व छठी मैया आप सभी व्रती माता- बहनों के परिवार और बेटे- बेटियों को दीर्घायु के साथ जीवन में सुख-समृद्धि, प्रगति एवं शांति लेकर आए।

### मृणालिनी सिंह ने हेलीकॉप्टर से की व्रतधारियों पर पुष्प वर्षा







### सांसद अतुल गर्ग ने लिया कई कार्यक्रमों में भाग



करंट क्राइम : छठ महापर्व के अवसर पर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने का पूजन था। इस दौरान गुरुवार को गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग क्रॉसिंग रिपब्लिक, प्रताप विहार और हिंडन छठ घाट पर पूर्वांचल और अलग-अलग समितियां द्वारा आयोजित छठ पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद अतुल गर्ग ने इस दौरान सभी छठ व्रतधारियों को शुभकामना देते हुए छठ के महत्व को बताया और सभी को इसकी मंगल कामना भी दी। इस अवसर पर कई जगह उन्होंने पूजन में भी भाग लिया।

### खोड़ा में पहुंचे पूर्व विधायक अमरपाल व चेयरमैन मोहिनी शर्मा



करंट क्राइम : खोड़ा नगर पालिका की चेयरमैन मोहिनी शर्मा और पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा छठ पूजा महोत्सव में गुरुवार की शाम शामिल होने खोड़ा पहुंचे। उन्होंने व्रतधारियों को प्रसाद वितरित किया, तो छठ की शुभकामनाएं भी दी। इसके साथ ही वह कई छठ पूजा पंडाल में भी पहुंचे और कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभाग लिया।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने छठ पूजन कार्यक्रमों में लिया भाग



करंट क्राइम : गुरुवार को छठ महापर्व में सूर्य को अर्घ देने का दिन था। ऐसे में कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश विधायक सुनील शर्मा ने इस दौरान वसुंधरा सहित कई कार्यक्रमों में भाग लिया। वह छठ पूजा करने के लिए पूजा कार्यक्रम में पार्षद नरेश भाटी के वार्ड-74 में पहुंचे। वहां उन्होंने छठ व्रतधारियों से मुलाकात की, उनको छठ महापर्व की शुभकामनाएं एवं इस व्रत के महत्व को दुनिया का सबसे बड़ा पर्व बताया है।

### नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी ने पत्नी संग की छठ पूजा



करंट क्राइम : छठ महापर्व पर हर कोई आस्था के रंग में रंगा हुआ नजर आया। तो इस दौरान नगर निगम गाजियाबाद में चीफ इंजीनियर एनके चौधरी ने अपनी पत्नी के साथ हिंडन छठ घाट पर पूजा की। वह विधि विधान से पूजन करते देखे गए। सिर पर फलों की टोकरी और पूजन सामग्री के साथ एनके चौधरी हिंडन छठ घाट पहुंचे थे, जहां पारंपरिक अंदाज में उन्होंने पूजा अर्चना

### नगर निगम की व्यवस्था रही चाक चौबंद



करंट क्राइम : हिंडन के छठ घाटों के साथ ही नगर निगम के द्वारा नगर निगम क्षेत्र में आने वाले 70 से अधिक छठ घाटों को साफ-सफाई, रंगाई पुताई, पानी की व्यवस्था के साथ ही लाइटिंग और यहां सेल्फी पॉइंट से लेकर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश देने वाली वेदियां बनाई गई थीं। इसके साथ ही सड़कों पर चुनाव सफाई के साथ ही पानी के लिए गंगाजल के टैंकर, जनरेटर और विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी। जिससे छठ महापर्व का यह आयोजन यादगार और शानदार बन सके।

### नगर आयुक्त और महापौर ने साथ किया छठ घाटों पर पूजन और दर्शन



करंट क्राइम : छठ महापर्व के अवसर पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल ने हिंडन छठ घाट पर जहां लेजर लाइट शो का आनंद लिया। तो वही छठ महापर्व में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य पूजन कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने छठ व्रत करने वालों को शुभकामना दी और उनकी व्यवस्था के लिए नगर निगम के अधिकारियों की तारीफ की। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### आज होगा उगते सूर्य का पूजन और व्रत का समापन


करंट क्राइम : सुबह उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ संपन्न हो जाएगा। आज होने वाले पूजन के लिए सुबह से ही अलग-अलग छठ घाट, स्वीमिंग पूल और बेदियों पर छठ पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आएगी। इसके साथ ही वह भगवान को दूध, गंगाजल, पुष्प, फल अर्पित करने के साथ सूर्य भगवान से उनके जीवन में आने वाले कष्ट दूर करने की मंगल कामना भी करेंगे।

### छठ गीतों से गूंजे हिंडन के घाट और पूजन स्थल



करंट क्राइम : पहिले-पहिले हम कईनी, छठी मईया व्रत, तोहार... गोदी के बलकवा के दिह, छठी मईया ममता दुलार..., केलवा के पात पर उगेलन सुरुज मल झांके झुके, कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय... जैसे पारंपरिक गीतों के साथ छठ महापर्व के तीसरे दिन श्रद्धालु कांधे पर गन्ना और सिर पर फलों का टोकरा रखे छठ घाट पर पहुंचे। गुरुवार की शाम व्रतियों ने हिंडन नदी, गंगनहर और कालोनियों व सोसायटियों में बने घाटों पर जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। तो वहीं दोपहर तीन बजे से ही व्रती परिजनों के साथ शहर के प्रमुख घाटों पर गीत गाते हुए पहुंचे। गुरुवार की सुबह नंदग्राम, विजयनगर, संजयनगर, सुदामापुरी, घंटाघर ट्रांस हिंडन के बाजारों व मंडी सहित सभी बाजार, चौराहों पर फल और पूजा सामग्रियों की खूब खरीदारी हुई।

### सिटी जोन से लेकर देहात तक सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम



करंट क्राइम : गुरुवार को शहर में दर्जनों स्थानों पर छठ पूजा के लिए शाम को विशेष स्थान पर पूजन स्थल बनाए गए थे। जहां बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही एसीपी स्तर के अधिकारियों और सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में होने वाले छठ पूजा आयोजनों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया था। खुद डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर छठ पूजा आयोजनों की व्यवस्था का जायजा लिया और छठ पूजा का आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न कराने की चिंता अधिकारियों के चेहरे पर देखने को मिली।

### छठ से बड़ा कोई व्रत और पूजन नहीं : नरेंद्र कश्यप



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप छठ महोत्सव के अवसर पर प्रतीक ग्रैंड सिटी सिद्धार्थ विहार में छठ कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने यहां लोगों के साथ पूजन किया और उनको छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही पत्रकार संजय शाह द्वारा आयोजित सेवी विले बी राज नगर एक्सटेंशन में आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया और लोगों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री पिछड़ा एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रमुख नरेंद्र कश्यप ने कहा कि छठ महोत्सव जैसा आयोजन सभी को एक साथ लेकर आता है और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है।





# आज का दिन है बेहद टाइट, एक तरफ सीएम का प्रोग्राम और दूसरी तरफ वकीलों की फाइट

## फ्राइडे अलर्ट से लेकर, चुनावी बना हुआ है माहौल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार का दिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए बेहद टाइट रहने वाला बताया जा रहा है। जहां एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम है।

तो दूसरी तरफ वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के बाद आंदोलन वाली फाइट चल रही है। इसी के साथ गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव वाला माहौल चल रहा है और आज शुक्रवार का दिन भी है जो अमूमन उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए फ्राइडे अलर्ट वाला रहता है। इसके साथ ही सुबह तक पुलिस को छठ पूजा की ड्यूटी और सुरक्षा व्यवस्था के साथ ट्रैफिक का भार भी संभालना है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार के अलर्ट और अन्य आयोजनों को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश भी दिए गए हैं।



### पुलिस लाइन में उतरेंगे सीएम और हापुड़ चुंगी से बदलेगा रूट

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरेंगे। इसके बाद उनकी फ्लीट को हापुड़ चुंगी से कवि नगर होते हुए नेहरू नगर फ्लाईओवर से सीधे कार्यक्रम स्थल लेकर जाया जाएगा। उनको हापुड़ चुंगी से आगे कलेक्ट्रेट वाले मुख्य मार्ग से वकीलों के आंदोलन और हड़ताल की वजह से नहीं लेकर जाया जा रहा है।

इसके साथ ही कमिश्नरेट पुलिस के कई अधिकारियों को पुलिस ऑफिस और हापुड़ चुंगी के आसपास की व्यवस्था संभालने के लिए अलर्ट मोड पर रखा गया है।

### विरोध प्रदर्शन और बयानबाजी करने वालों पर पुलिस की नजर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में फ्राइडे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आयोजन है। तो बार एसोसिएशन गाजियाबाद का बड़ा कार्यक्रम भी है। ऐसे में किसी भी तरीके की आपात स्थिति ना बने, इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और खुफिया विभाग के साथ ही खास स्टाफ को लगाकर धरना-प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी और बयानबाजी करने वालों पर नजर रखने का काम भी किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दो दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस की निगरानी में भी रखा जाएगा ताकि सब ठीकठाक रहे।

# भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने छठ व्रतियों के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

## छठी माई से भाजपा प्रत्याशी ने अपनी यात्रा की मंगलकामना की





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** छठ पूजा के दिन व्रतियों ने शाम सूरज ढलने तक पूजन किया। शाम को पूजा के बाद प्रसाद लेन देन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शहर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने अपने पूर्वांचल भाई बहनों के मध्य रहते हुए कई पूर्वांचल व छठ सेवा समितियों में शामिल होकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान प्रत्याशी के रूप से संजीव शर्मा ने क्षेत्र के लोगों को छठ पर्व की बधाई भी दी।उन्होंने कहा कि उन्होंने छठ माई से शहर विधानसभा के साथ साथ पूरे जनपद की समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। संजीव शर्मा वीरवार की शाम को कई घरों में भी पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस क्रम में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और छठ व्रतियों के साथ मिलकर पूजा अर्चना की। संजीव शर्मा ने छठ व्रतियों के पांव को छू कर उनका आशीर्वाद लिया और छठी मैया से उनके सुख समृद्धि की कामना की। छठ पर्व के मौके पर संजीव शर्मा ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि इस पर्व में समर्पण और पवित्रता होती है। उन्होंने छठी मैया से समस्त देश एवं राज्यवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं स्वास्थ्य की प्रार्थना की। इसके साथ ही संजीव शर्मा ने अपने लिए भी छठी मैया से आशीर्वाद मांगा। संजीव शर्मा ने कहा कि मैं भी छठी मैया से अपनी यात्रा मंगलमय हो इसकी प्रार्थना कर रहा हूं।भारतीय जनता पार्टी से गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी छठ पर्व के मौके कई स्थानों पर पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने भी प्रसाद ग्रहण कर छठ व्रतियों से आशीर्वाद लिया और कहा कि वह गाजियाबाद के साथ साथ पूरे देश के लिए खुशहाली की प्रार्थना करते हैं।

गाजियाबाद के पूर्व महापौर एवं विधानसभा के चुनाव संयोजक आशु वर्मा तथा भाजपा संगठन और चुनाव संचालन समिति के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व एवं चुनाव की टोली की ओर से सभी छठ सेवा समिति, पूर्वांचल समितियों एवं स्थानीय समाजसेवकों के सहयोग और आस्था के इस सुन्दर व्यवस्था और पौराणिक आस्था को सनातनी आस्था के रूप में जीवित रखने के लिए बधाई देते हुए आभार जताया। सभी क्षेत्र वासियों को छठ पर्व की बधाई दी।

# जयंत चौधरी ने प्रत्याशी मिथलेश पाल के लिए मांगे वोट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने गुरुवार को मीरापुर विधानसभा के कई गांव में जाकर प्रत्याशी मिथलेश पाल के लिए अधिक से अधिक संख्या में वोट करने की अपील की। ठाकुर, सिख एवं त्यागी समाज के जिम्मेदार व्यक्तियों के साथ बैठने का अवसर भी मिला। समाज के सभी लोगों ने कहा, पूर्व विधायक एनडीए प्रत्याशी मिथलेश पाल बहुत ही व्यावहारिक एवं मिलनसार व्यक्ति हैं। सभी ने एक स्वर में कहा, इनकी कार्य शैली को देखते हुए हम लोग उनके साथ हैं। इस अवसर पर इंदरजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रविंद्र चौहान प्रदेश महासचिव, ऑडी त्यागी प्रदेश सचिव, अनिकेत त्यागी जिला पंचायत सदस्य ब्लॉक प्रमुख, अरविन्द साहपुर, जितेंदर आदि मौजूद रहे।

# छठ महापर्व धूमधाम से मनाया

**लोनी, करंट क्राइम।** छठ पूजा का महत्व पूरे देश मे पर्व की तरह हो गया है। श्रद्धालु इस छठ पूजा के पर्व को बड़ी श्रद्धा से उपवास रखकर धूमधाम से मनाते हैं। कुछ वर्ष पूर्व इस पूजा का प्रचलन विहार राज्य में था।

अब छठ पूजा पूरे विश्व मे मनाई जाती है लोनी मे भी लाखों की संख्या मे विहार राज्य के लोग निवास करते है और छठ पूजा का पर्व धूमधाम से मनाते है। लोनी की लगभग सभी कालोनियों मे छठ मइया को अस्त एवं उदय सूर्य को अर्ग देने के लिए सेकड़ो घाट बनाये जा चुके हैं। घाटों की रक्षा-सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन कड़ी नजर रखे हुए है तथा सभी घाटों पर पुलिस मौजूद है। यमुना नदी के घाट नम्बर सात पर हजारों की संख्या मे श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। वहां पर पुलिस प्रशासन ने कैम्प लगाया है और भारी पुलिस बल तैनात है।

# अग्रवाल सेवा समिति लोनी ने मनाया महाराजा अग्रसेन महाराज का जन्मोत्सव



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में अग्रवाल सेवा समिति के सानिध्य में अग्रसेन युवा परिवार ने समिति के संस्थापक संरक्षक स्व0 लाला रामअवतार गुप्ता तथा मुकेश गर्ग के सम्मान में महाराजा अग्रसेन महाराज का 5148 वा जन्मोत्सव समारोह का भव्य आयोजन बुधवार को बलराम नगर की अग्रवाल धर्मशाला में धूमधाम के साथ किया। समारोह में अ0भा0सह प्रमुख पर्यावरण एवं जल संरक्षण गतिविधि आएसएस तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री राष्ट्रीय सेवा भारती राकेश जैन तथा भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया।

जबकि निवर्तमान राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, भाजपा के जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, भाजपा नेता मयंक गोयल ने बतौर विशिष्ठ अतिथि भाग लिया।

# पूर्वांचल भोजपुरी नवयुवक संघ समिति ने कराया छठ पूजा का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित सुमेर टावर के पास गुरुवार को छठ पूजा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद भाजपा नेता डॉ मनोज गोयल उपस्थित रहे, उन्होंने सभी लोगों को छठ उत्सव की शुभकामनाएं दी और सूर्य भगवान से प्रार्थना करी की सभी लोग स्वस्थ रहें, आर्थिक रूप से मजबूत रहे पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने कहा कि हम लोगों को जाति में नहीं बटना चाहिए। इस अवसर पर बी एस त्रिपाठी, गौरव वर्मा, दीपक सिंह, श्यामवीर भदोरिया, राकेश जकेटिया, पवन गुप्ता, मनीष जैन, कमल ओबेरॉय, श्याम वैश्य, राजेंद्र गोयल, आशीष मेहरा, वीके अग्रवाल सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# शहिद नगर में धूम धाम से मनाया गया छठ पर्व



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** संकल्पित होकर पिछले वर्ष की भाँति शहीद नगर छठ पूजा समिति ने इस उत्सव को बहुत ही सुंदर तरह से इस अयोजन को सफल बनाया। इस व्रत को जहां बहुत ही कठिन माना जाता हैं वही छठ व्रतियो के लिये घाट पर सुंदर व्यवस्था की गई। सैकड़ो की संख्या में यहां के समाज ने छठ उत्सव में अपनी भागीदारी दी। इस संथान के अध्यक्ष मानस झा, उपाध्यक्ष संतोष झा, कोषाध्यक्ष मुरली पंडितजी, विनय जी, फेकन झा, बिट्टू जी, उत्तम, चंदन झा, अमित झा, नंद कुमार मिश्र जी ने सभी से वादा किया कि उत्सव को भविष्य मैं और भव्य बनाया जाएगा। गाज़ियाबाद के नेता गण भाजपा महामंत्री संजीव झा, ऐआईएमआईएम के महानगर अध्यक्ष मनमोहन झा गामा, पार्षद हाजी मोहम्मद कलन से लेकर अनेक नेताओ ने माँ छठी मैया के चरणों में हाजरी लगायी।

## आस्था



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजय नगर में पूर्व पार्षद ललित कश्यप ने छठ पर्व पर विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ छठ घाट पर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पूर्व पार्षद ललित कश्यप ने सभी के लिए सुख और मंगल की कामना भी की।

# शिव शक्ति सूर्य छठ ट्रस्ट ने कराया छठ पूजा का आयोजन

## छठ महापर्व को मनाने के लिए घाट पर कई हजार श्रद्धालु पहुंचे





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** छठ महापर्व के दौरान करहैड़ा सूर्य छठ घाट पर बिहार की झलक देखने को मिलती है। करहैड़ा में छठ महापर्व को मनाने के लिए छठ घाट पर कई हजार श्रद्धालु पहुंचते हैं। सप्ताह भर पहले हिंडन छठ घाट पर तैयारियां शुरू हो जाती है। संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था के पदाधिकारी द्वारा छठ घाट की मरम्मत का कार्य अभियान के रूप में कराया गया है।

यहां तक की घाट को जाने वाले मार्गों को भी सुदृढ़ किया गया है। व्यवस्था में मुख्य रूप से शिव शक्ति सूर्य छठ ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अविनाश पाठक महासचिव रामबाबू सिंह राठौड़, संरक्षक वीर सिंह चौहान, सचिन पंकज चौहान, कोषाध्यक्ष पंडित अनिल दुबे, सचिव नीरज चौहान, जी जोगिंदर चौहान सतपाल चौहान, अमित, राजेश सिंह राठौड़, हीरा राय, अखिलेश तिवारी, लाल, श्याम बाबू सिंह राठौड़, पंडित पवन पांडे, आदेश सभी का सहयोग रहा संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने बताया कि छठ घाट पर हरिद्वार, त्रिवेणी धाम गोमुख से गंगाजल लाकर घाट पर डाला गया जिससे श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# लाखों महिलाओं ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य

## आज उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त होगा निर्जल व्रत, घाटों पर किए गए इंतजाम



**नोएडा करंट क्राइम।** कांचहि बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए, दर्शन दीन्हीं ना अपन ये, छठी मइया जैसे गीत गाकर वृति महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पर्व के आखिरी दिन शुक्रवार की सुबह उगते सूरज की अर्घ्य दिया जाएगा। पिछले चार दिनों से घरों में छठ पर्व मनाया जा रहा है। बुधवार शाम को खरना की पूजा के बाद छठ वृतियों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया। गुरुवार दोपहर वृति घर से नहा-धोकर परिवार के साथ छठ घाट पर पहुंचे। जनपद में करीब 200 स्थानों पर बने घाटों पर लाखों की संख्या में वृति दोपहर 3-4 बजे से ही पहुंचने लगे। नोएडा स्टेडियम में तो करीब दोपहर दो बजे से ही वृतियों आना शुरू हो गया। सूरज ढलने से करीब 1 घंटे पहले श्रद्धालु जल में गए और सूरज डूबने तक खड़े होकर सूर्य देवता की पूजा की और अर्घ्य दिया। इस दौरान नोएडा के जनप्रतिनिधि भी नोएडा स्टेडियम पहुंचे। इससे पहले छठ घाट पर लोग सूप में फल, ठेकुआ और अन्य प्रसाद व पूजन सामग्री लेकर पहुंचे। जिला प्रशासन और प्राधिकरण की तरफ से छिजारसी, चोटपुर कॉलोनी, बहलोलपुर, सलारपुर, भंगेल, कुलेसरा व अन्य इलाकों में छठ वृतियों के लिए छठ घाट का विशेष इंतजार कराया गया था। छठ वृतियों की बढ़ती तादाद को देखते हुए गुरुवार को भी यहां कुछ घाटों का निर्माण कराया गया। इसके अलावा सेक्टर-25 मोदी मॉल के पास, सेक्टर-45 काशीराम कॉलोनी, सेक्टर-62 और सेक्टर-63ए में भूखंड पर घाट पर भी छठ वृतियों की भीड़ रही। वहीं शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य और पूजा के उपरांत छठ वृतियों का 36 घंटे का निर्जला वृत समाप्त हो जाएगा।

### सोसाइटियों में बने कृत्रिम घाट और स्विमिंग पुल में दिया भगवान भास्कर को अर्घ्य

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसायटियों में कृत्रिम छठ घाट स्विमिंग पुल में अर्घ्य की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान सोसाइटी में छठ मइया के गीत गूंजते रहे। अखिल भारतीय प्रवासी महासंघ ने सेक्टर-75 में एक कृत्रिम तालाब बनवाया है। महासंघ और सूर्य देव पूजा समिति नोएडा के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर 75 की गोल्फ सिटी और पंचशील प्रतिष्ठा के बीच स्थित पार्क में छठ घाट पर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया है। छठ पूजा के दौरान बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की।

### महिलाएं बोली-मन्नत का पर्व है छठ पूजा

नोएडा स्टेडियम पर पूजा करने के लिए आई महिलाओं ने बताया कि छठ पर्व सूर्य की उपासना का पर्व है। सूर्य की आराधना को हिंदू धर्म में विशेष महत्व दिया जाता है। छठ पर्व को भोज पुरी समाज द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। इस पर्व का समाज के लोगों में बेसब्र से इंतजार रहता है। यह पर्व मन्नतों का पर्व भी माना जाता है। कई लोग अपनी मन्नत पूरी होने पर सूर्य देव को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए विधि-विधान से उनकी पूजा करते हैं।

# साहिबाबाद में धूमधाम से मनाया छठ का महापर्व







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद में भी छठ पूजा का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। लाखों लोग साहिबाबाद क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने सूर्यास्त के समय भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया. श्रद्धालुओं ने अपने सूप में फल, ठेकुआ और नारियल जैसे प्रसाद लेकर सूर्य देव की पूजा की। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों में कई पैदल चलकर, तो कुछ लेटते हुए घाट तक पहुंचे. घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ा दिखा।

पार्षद संजय सिंह ने कहा कि यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है, और इसे चार दिन तक की कठिन तपस्या और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। छठ पूजा का मुख्य उद्देश्य प्रकृति के प्रति आस्था, समर्पण और सूर्य देव की कृपा की प्राप्ति है. इस पर्व में लोग सूर्योदय और सूर्यास्त के समय विशेष पूजा करते है।

शिप्रा सनसिटी फेज 2 के एओए अध्यक्ष सीपी बालियान ने बताया कि चढ़ते सूरज से जुड़ी संभावनाओं पर मुग्ध रहने वाली इस दुनिया में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहॉ ढल रहे सूर्य को भी पूरी कृतज्ञता के साथ अपनी श्रद्धा निवेदित करने की परंपरा है। प्रकृति को समर्पित चार दिवसीय महापर्व छठ के दौरान आज सूर्य की सांध्य आराधना का दिवस है। आज शाम जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य से मंगल-





कामना की तैयारी कर रहे आप सभी व्रतियों का सौभाग्य अचल रहे, अनुष्ठान का अभीष्ट सभी इष्ट-मित्रों तक अवश्य पहुँचे तथा समस्त सदिच्छाएँ पूर्ण हो। मंदिर समिति के संतोष मिश्रा ने बताया कि समिति के सदस्यों द्वारा बहुत ही सुंदर व्यवस्था किया गया था जिससे सभी लोग बहुत प्रभावित हुए इस पुण्य अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे।

नीति खंड 3 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष परवेंद्र यादव ने बताया नीति खंड में भव्य रूप से छठ पूजा का आयोजन किया जाता है, दूध गुलाब के फूल गंगाजल भी छठ घाट में डाला जाता है, जिससे सैकड़ो श्रद्धालु इसमें पूजा अर्चना करते हैं।

# हमें प्रकृति, संयम, श्रद्धा और समर्पण का संदेश देता है : मोहिनी शर्मा

## विधि-विधान से व्रतियों ने डूबते सूर्य और छठ माता की आराधना की





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में लोक आस्था का महापर्व छठ भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ शुक्रवार को अल सुबह अर्घ्यदान के साथ संपन्न हो जाएगा। इससे पहले गुरुवार को नहर रोड छठ घाट पर महिलाओं ने सूरज को अर्घ्य अर्पित किया। मान्यता है कि पूरी आस्था के साथ अर्घ्य अर्पित करने वालों पर भगवान सूर्य की विशेष कृपा होती है। जो उन्हें अपने जैसा तेज प्रदान करते हैं, रोगों को हरते हैं और परिवार में सुख-शांति का वास करते हैं। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोगों ने जनकल्याण की कामना की।

### इस दौरान छठ पूजा घाट पर बड़ी

संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। गुरुवार को खोड़ा नहर रोड घाट पर समृद्धि, पुत्र प्राप्ति और मंगलकामना के इस पर्व पर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन होगा। नहर रोड छठ घाट पर जाकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

शाम होते ही व्रती गाजे-बाजे के साथ छठ घाटों पर पहुंचने लगे। पूरे विधि-विधान से व्रतियों ने डूबते सूर्य और छठ माता की आराधना की। खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने दी शुभकामनाएं दी छठ घाटों पर पहुँची।

वही सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के तहत पुलिस के जवान भी मुस्तैद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा अमरपाल शर्मा ने सभी आए छठ घाट पर श्रद्धालुओं का धन्यवाद में आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सभासदों में सीपी शर्मा, सुनील यादव, पंकज त्रिपाठी, अनुपम सिंह, चंद्र प्रकाश शर्मा, विनोद यादव, रीना देवी राजेश, गोमती देवी, दयानंद मिश्रा, जितेंद्र शुक्ला, परमानंद शर्मा, श्रीपाल चौधरी, सुभाष शर्मा, लाल राम लोधी, प्रदीप भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# कारोबारी को मिली धमकी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना वेव सिटी क्षेत्र में रहने वाले कारोबारी को कुख्यात हाशिम बाबा गैंग की तरफ से हत्या की धमकी दी जा रही है। कारोबारी ने पुलिस को इस बारे में शिकायत पत्र दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। गाजियाबाद के थाना वेव सिटी के रोहन एंक्लेव में रहने वाले सलाउद्दीन के मुताबिक दिल्ली मुस्तफाबाद के रहने वाले हाजी इरशाद उसके समधी हैं। जो स्क्रैप का व्यवसाय करते हैं। सलाउद्दीन के मुताबिक हाजी इरशाद और सद्दाम का इस स्क्रेप के व्यापार को लेकर करीब 19 लाख रुपए का विवाद चल रहा है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती पूनम व उनके पति मुकेश कुमार पुत्र श्री राजकरण निवासी बी 67 पटेल नगर 2 गाजियाबाद ने अपने पुत्र विशाल व पुत्रवधू दिव्या को उनके असामाजिक व्यवहार व क्रूर चरित्र के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति संबंध से बेदखल कर दिया है। उनका मेरे मुक्किल व उसके परिवार के साथ आज 04-11-24 के बाद कोई संबंध नहीं रहेगा। वह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि कोई व्यक्ति उनके साथ अपने संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

नोटिस देहिंदा
श्याम वर्मा एडवोकेट
38 जिला एवं सत्र न्यायालय
राज नगर परिसर गाजियाबाद
98105 2 6498

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...








# आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लेंगे पन्ना प्रमुखों की कार्यशाला

## वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से होगी अलग मुलाकात और रालोद वाले करेंगे हैलीपेड पर स्वागत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गाजियाबाद आ रहे हैं। वो शहर विधानसभा उपचुनाव में आज कार्यकताओं को सफलता का मूलमंत्र देंगे। आज वो सबसे पहले पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करेंगे उसके बाद वो मंच पर वरिष्ठ कार्यकताओं और नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे। इस बैठक में कुछ चेहरों के नाम तय हैं और वही इस बैठक में मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री यहां मंच से भी संबोधन देंगे। बड़ी बात ये है कि भाजपा के सहयोगी दल रालोद को सरस्वती विद्या मंदिर वाले कार्यक्रम से दूर रखा गया है। वो हैलीपेड पर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा कई बड़े चेहरे भी मंच पर रहेंगे। बहरहाल आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेहरूनगर सरस्वती शिशु मंदिर से चुनावी चक्रव्यूह का पहला पाठ पढाएंगे। वो पन्ना प्रमुखों को बताएंगे कि उन्हें किस तरह से मतदान के दिन काम करना है।

### पुलिस लाइन में उतरेगा मुख्यमंत्री का हैलीकॉप्टर और सीधा पहुंचेंगे सरस्वती विद्या मंदिर

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैलीकॉप्टर से गाजियाबाद आएंगे। उनका हैलीकॉप्टर गाजियाबाद पुलिस लाइन ग्राउंड में उतरेगा। यहां इसके लिए विशेष हैलीपेड बनाया गया है। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री यहां से सीधा कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। उम्मीद लगाई जा रही है कि वह लगभग दोपहर तीन बजे सरस्वती विद्या मंदिर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे और फिर वो यहीं से हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेंगे।



### महंत नारायण गिरी भी रहेंगे मुख्यमंत्री के मंच पर मौजूद

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस मंच पर रहेंगे उसका प्रोटोकॉल तय कर दिया गया है। यहां भाजपा के जनप्रतिनिधि रहेंगे, पूर्व जनप्रतिनिधि रहेंगे, क्षेत्रीय पदाधिकारी रहेंगे और इनके सबके बीच यहां श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी को भी मंच पर स्थान मिला है। महंत नारायण गिरी भी मंच पर मुख्यमंत्री के साथ रहेंगे।



### जनरल वीके सिंह और अनिल अग्रवाल को भी मिला है मंच पर स्थान

**करंट क्राइम।** पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेने आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस मंच पर मौजूद रहेंगे वहां पूर्व जनप्रतिनिधियों को भी स्थान मिला है। इस लिस्ट में गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल मौजूद रहेंगे।



### मंच से रहेंगे दूर लेकिन हैलीपेड पर रालोद वाले करेंगे स्वागत

**करंट क्राइम।** मंच वाली लिस्ट से भाजपा के सहयोगी दल रालोद के नेताओं को दूर रखा गया है लेकिन गठबंधन धर्म का पालन भी हुआ है। बताया जाता है कि मंच से रालोद के नेता दूर रहेंगे लेकिन रालोद के नेता पुलिस लाइन वाले हैलीपेड पर भाजपा नेताओं के साथ मौजूद रहें। हैंडपंप वाले मुख्यमंत्री का स्वागत हैलीपेड पर करेंगे। वो भाजपा नेताओं के साथ मुख्यमंत्री को हैलीपेड पर रिसीव करेंगे।

### मंच पर रहने वालों की लिस्ट में है 56 नाम

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मंच पर जो लोग मौजूद रहेंगे वो सूची 56 नामों की है। इस लिस्ट में चुनाव में लगाए गए तीनों मंत्री मौजूद रहेंगे, जिनमें कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री ब्रजेश कुमार और कपिलदेव अग्रवाल के नाम हैं। इसके अलावा मंच पर विधानसभा चुनाव संयोजक पूर्व मेयर अशु वर्मा मौजूद रहेंगे। शहर संयोजक मौजूद रहेंगे, चुनाव प्रभारी मौजूद रहेंगे, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया मौजूद रहेंगे और दोनों क्षेत्रीय उपाध्यक्ष को मंच पर स्थान मिलेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी भी मंच पर रहेंगी। पड़ोसी जिले गौतमबुद्धनगर के विधायक और एमएलसी भी मौजूद रहेंगे। बसंत त्यागी को भी मंच पर स्थान मिला है। इसके अलावा चुनावी जिम्मेदारी संभाल रहे कई चेहरों का भी नाम इस सूची में शामिल है।

### डेढ घंटे तक रहेंगे मुख्यमंत्री सम्मेलन में और लेंगे बैठक

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज पहले पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे और सूत्र बताते हैं कि इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे जो सीधे-सीधे चुनाव से जुड़ी है। इस कमेटी में लोकसभा सांसद, विधायक, तीन मंत्री, संयोजक और सहसंयोजक सहित कई नाम शामिल हैं। बताया जाता है कि यहां चुनावी रणनीति को लेकर विचार विमर्श होगा।

# कब होंगे शहर वाले उपचुनाव में लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर के दीदार

## फिलहाल वो कर रहे हैं मीरापुर में चुनाव प्रचार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा उपचुनाव भले ही एक हफ्ते आगे एक्सटेंशन हो गया है लेकिन इलेक्शन अब धीरे-धीरे चरम पर आ रहा है। बड़े चेहरों की आमद शुरू हो गई है। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं। यहां अब चुनाव में उन चेहरों की डिमांड हो रही है जिनके बयान हमेशा से सुर्खियों में रहते हैं। जो चुनाव प्रचार में अपने बयानों से रोचकता ला सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि शहर उपचुनाव में युवा वर्ग की एक बड़ी डिमांड लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को लेकर है। बताय जाता है कि अंदरखाने इस चेहरे को बुजाए जाने की मांग उठ रही है और युवा वर्ग में इस चेहरे की टीआरपी बताई जाती है। नंद किशोर गुर्जर हिंदुत्व का फायरब्रांड चेहरा माने जाते हैं और वो गुर्जर समाज का भी एक बड़ा चेहरा है। वो अभी तक शहर विधानसभा के चुनाव प्रचार में नजर नहीं आए हैं। बताया जाता है कि नंद किशोर गुर्जर इन दिनों मीरापुर उपचुनाव में प्रचार कर रहे हैं। भाजपा संगठन ने उनकी ड्यूटी मीरापुर उपचुनाव में लगाई है। लोनी का ये गुर्जर चेहरा हिंदुत्व की एक बड़ी आवाज बन चुके हैं। यहां उपचुनाव में इनकी डिमांड बढ़ रही है।

सूत्र बताते हैं कि लोनी विधायक की डिमांड वाली बात से पार्टी आलाकमान को अवगत कराया गया है। माना जा रहा है कि अगले दो दिन के भीतर लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर की शहर विधानसभा उपचुनाव में प्रचार के लिये आमद हो सकती है। बहुत दिनों से खामोश चल रही इस क्रांतिकारी आवाज का आगाज शहर विधानसभा चुनाव में क्या संदेश लेकर आएगा ये तो उनके आने के बाद पता चलेगा। लेकिन बताया यही जाता है कि लोनी विधायक की एंट्री के बाद चुनाव में एक रौचक मोड़ आने की पूरी उम्मीद है।

### आज कैप्टन जीएस सूरी का 25वां शहीद दिवस

## पूरा शहर करेगा कैप्टन सूरी की शहादत को नमन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज गाजियाबाद के शहीद कैप्टन जीएस सूरी का शहादत दिवस है। आज के दिन ही कैप्टन जीएस सूरी ने 25 वर्ष पहले देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की कुबार्नी दी थी। महावीर चक्र विजेता कैप्टन जीएस सूरी मैमोरियल ट्रस्ट के तत्वाधान में आज सुबह दस बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। इस कार्यक्रम में मेयर सुनीता दयाल मौजूद रहेंगी। शास्त्रीनगर के जी ब्लॉक में स्थित कैप्टन सूरी पार्क में सुबह दस बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विशिष्ट सेवा मैडल के सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल एससी टांडी तथा मेजर जनरल मनोज नटराजन मौजूद रहेंगे। शहीद कैप्टन जीएस सूरी के पिता रिटायर कर्नल टीपी सिंह ने बताया कि इस अवसर पर कई स्कूलों के बच्चे राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करेंगे। पूर्व सैनिक कल्याण समिति, आतंकवाद विरोधी मोर्चा, नेहरू वर्ल्ड स्कूल का इस कार्यक्रम में सहयोग रहेगा। क्षेत्रीय पार्षद अमित त्यागी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

# गाजियाबाद कचहरी में चौथे दिन भी रही हड़ताल

## आज फिर होगी अधिवक्ताओं की बड़ी मीटिंग, आंदोलन की भूमिका पर होगा विचार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद कोर्ट रूम के अंदर अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के मामले को लेकर लगातार गाजियाबाद और आसपास के अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। गुरुवार को हड़ताल का चौथा दिन था और हड़ताल के चौथे दिन महिला अधिवक्ताओं ने धरना-प्रदर्शना और आंदोलन की कमान संभालने का काम किया। तो इसके साथ ही महिला अधिवक्ताओं ने जिला जज को हटाए जाने की मांग तेज कर दी है। वहीं महानगर उद्योग व्यापार मंडल संस्था गाजियाबाद ने बार अध्यक्ष दीपक शर्मा को जिला जज रूम में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए वकीलों का समर्थन करने की घोषणा की है। इसके साथ ही जिला बार एसोसिएशन गाजियाबाद के महासचिव नितिन चंदेला ने कहा है कि अब तक बार एसोसिएशन गाजियाबाद और जिला बार एसोसिएशन गाजियाबाद का धरना अलग-अलग चल रहा था लेकिन अधिवक्ता नाहर सिंह यादव, राजेंद्र चौधरी ,सुनील दत्त त्यागी, मुकेश त्यागी बयाना व नरेश चौधरी एडवोकेट ने धरने को एक करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद अब जिला बार एसोसिएशन गाजियाबाद और बार एसोसिएशन गाजियाबाद संयुक्त रूप से एक ही स्थान पर इस आंदोलन को आगे बढ़ने का काम करेंगे। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा है कि गाजियाबाद का आंदोलन अनिश्चितकालीन चल रहा है। 8 नवंबर यानि शुक्रवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने अपने बार प्रांगण में संघर्ष समिति में सम्मिलित जनपद के सभी तहसील टैक्स बार संघों को आंदोलन की आगे की रणनीति के लिए आमंत्रित किया है ताकि इस पूरे आंदोलन को ताकत के साथ चलाए जा सके।

- गुरुवार को महिला अधिवक्ताओं ने की जिला जज हटाने की मांग
- महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने अधिवक्ताओं को दिया अपना समर्थन





### बार एसोसिएशन गाजियाबाद और जिला बार एसोसिएशन गाजियाबाद अब एक साथ

**करंट क्राइम।** जिला बार एसोसिएशन गाजियाबाद में कुछ अधिवक्ताओं के अनुरोध पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद को अपना समर्थन दे दिया है। अब गाजियाबाद बार एसोसिएशन और जिला बार गाजियाबाद संगठन एक साथ धरना-प्रदर्शन करेंगे। जब तक जिला जज का तबादला नहीं हो जाता है। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया है कि विवेक यादव, जितेंद्र सिंह और सादाब तीनों ही अधिवक्ताओं के मामले को सुलझाने के लिए जिला बार गाजियाबाद संगठन अब प्रतिबद्ध हो गई है। अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन प्रमोद शर्मा एवं महासचिव नितिन चंदेला ने लैटर जारी करते हुए यह जानकारी दी है। बता दें कि बीते चार दिनों से कचहरी गाजियाबाद में दो अलग-अलग मंचों पर अधिवक्ताओं की हड़ताल और विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम चल रहा था, जो आज शुक्रवार से एक साथ चलेगा।

### पुलिस और खुफिया तंत्र अधिवक्ताओं की बैठक को लेकर अलर्ट

**करंट क्राइम।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के समर्थन में कई बार एसोसिएशनों के साथ ही तहसील टैक्स और अन्य अधिवक्ताओं की परिषद अपना समर्थन देने के लिए गाजियाबाद बार सभागार में एक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के भी शामिल होने की जानकारी है। वहीं शुक्रवार को ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद में कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होने की वजह से पुलिस और खुफिया तंत्र बेहद अलर्ट मोड पर है। इसके साथ ही पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कचहरी और पुलिस ऑफिस के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी।

### भाजपा एडवोकेट्स जनप्रतिनिधियों की दैनिक करंट क्राइम में प्रकाशित खबर पर बार ने लिया संज्ञान और जारी किया लैटर


अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज मामला : सुर्खियों में है के बीच भाजपा के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी

विपक्ष वालों ने दी है दस्तक और पक्ष वाले हैं क्यों दूर

हो रहा है सवाल क्यों नहीं पहुंचे कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और ना ही कोई विधायक

**करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम की खबर का फिर एक बार असर हुआ है और इस पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने विधायक, मंत्री, एमएलसी और पूर्व विधायकों के नाम एक लैटर जारी करते हुए कहा है कि अब तक आंदोलन में आपकी सहयोग की कोई भूमिका नजर नहीं आ रही है। इस पर बार विरोध करते हुए आपकी सदस्यता के मामले में बार एसोसिएशन विचार करेगी, इसीलिए जल्द से जल्द अपनी भूमिका के बारे में अधिवक्ताओं को अवगत कराने का कष्ट करें। एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने यह लैटर जारी किया है। बता दें कि गुरुवार के अंक में दैनिक करंट क्राइम ने गाजियाबाद के भाजपा एडवोकेट्स और जनप्रतिनिधि जो मंत्री से लेकर विधायक हैं। उनके मौन पर खबर प्रकाशित की थी। इस खबर पर जब बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संज्ञान लिया तो उन्होंने लैटर भी जारी किया है।






▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम हैं इस बात को जानकर बहुत ज्यादा हैरान? चुनाव में क्यों कर दिया दोस्त ने दोस्त को हैरान? सुना है जैसे-जैसे चढ़ रहा है दोस्त का चुनाव परवान? वैसे-वैसे खींच लिये हैं दोस्त ने अपने दोस्त से काम? कर दिया है उनके कामों का दूसरों को बंटवारा? समझ नहीं आ रहा है किसी को भी ये नजारा? पता चला है ऐसा करने का मिला है दोस्त को किसी बड़ी जगह से इशारा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक चर्चा हो रही है इन दिनों चुनाव कार्यालय पर आम? जब से हुआ है भगवा कमांडर का टिकट? तब से भगवा मास्टर ने कार्यालय का रूख नहीं किया है श्रीमान? हमने देखा मास्टर के जो हैं सबसे खास, वो भी नजर आ रहे हैं कार्यालय से लेकर कमांडर के आस-पास? लगता है मास्टर जी के दिल में है कोई आग? जिसे ना सावन बुझा पाया? ना ही इस आग को बुझाने का है ठंड के पास कोई ईलाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वकीलों की चल रही है जज साहब से लड़ाई? रोजाना इस लड़ाई में नए-नए मुद्दे दे रहे हैं सुनाई? भाजपा के एडवोकेट विधायक हैं इस मामले में पूरी तरह खामोश? कहने वाले ने कहा बाकियों की तो छोड़ दो? हम तो ये जानना चाहते हैं कि क्यों नहीं दिखाई दे रहा इस मामले में क्रान्तिकारी विधायक का जोश? वो तो हर मुद्दे पर दिखाते हैं अपनी धार? इस बार क्यों नहीं मुड़ रही उनकी कचहरी की ओर कार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पटेल जी के नगर से निकल कर आई है एक बात? सुना है मोर्चे वाली त्यागी दीदी यहां पर चुनाव प्रचार करने गई थी कई महिला कार्यकर्ताओं को लेकर अपने साथ? सुना है जैसे ही उन्होंने रखा यहां एक कार्यकर्ता के घर कदम? शुरू हो गया विरोध का सितम? सुना है एक भगवा मैडम हो गई इस बात से बहुत ज्यादा नाराज? सुना है विरोध को बैलेंस करने के लिए त्यागी दीदी पहुंची नाराज मैडम के पास? जब ये घटना घटी, तब जिनके यहां पहले गई थीं, सुना है वो वाली मैडम हो गई नाराज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मीडिया वाले ककक... करन इन दिनों कर रहे हैं कुछ ज्यादा ही मजबूत फील? खुद के अभी से कमांडर होने का वो करा रहे हैं एहसास? हमने देखा जब कमिश्नर साहब ने किया सीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण? तब देखते ही बन रहे थे करन भैया के अंदाज? पुलिस अधिकारियों के बीच में फोन को कान पर लगाते हुए उन्होंने तुरंत किया अपना फोटो फेसबुक पर अपलोड? देखते ही बन रहा था कमांडर जैसी फीलिंग लेने वाला इनका ये जोश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी चुनाव आते हैं तब कुछ अलग ही हो जाता है नदिया पार के भगवा सरदार का किरदार? वोटों का मामला भी वो विधानसभा के अनुसार ना जाने कैसे कर लेते हैं तैयार? लखनऊ से लेकर नोएडा तक वो डाल देते हैं डेरा? मगर हम देख रहे हैं शहर विधानसभा को लेकर नहीं खिल रहा उनका सवेरा? नहीं हो रहे हैं अभी तक उनके कमांडर के चुनाव में दीदार? कहने वाले ने कहा जिससे मोहब्बत होती है उसी से दिल लगी करते हैं? कुछ ऐसा ही है हमारे भगवा सरदार का किरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम एक बात जानना चाहते हैं हुजूर? ऐसी कौन सी गलत-फहमी थी पूर्व विधायक रूप चौधरी की, जो हो गई दूर? उन्होंने जो फेसबुक पर अपलोड की है पोस्ट? उसमें किया है इस बात का जिक्र? कहने वाले ने कहा हम तो विधायक जी के बारे में जानते हैं कि जो कहना है वो खरा-खरा कह देते हैं? आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी रही, जो यहां पर गलत-फहमी वाले किरदार को वो छुपा गये हुजूर? हमें उम्मीद है आज नहीं तो कल, वो ये सस्पेंस जरूर करेंगे दूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही पहलवान को कई प्रमुख जिम्मेदारियों से कर दिया हो करने वालों ने आउट? मगर पहलवान ताकतवर थे और हैं, इस बात में कोई नहीं है डाउट? हमें अंदर से पता चली है एक बात? मामला उस दिन का है जब प्रदेश वाले चौधरी साहब आये थे गाजियाबाद? उन्होंने किसी को बिना भनक लगे सिंह साथ की पृथ्वी पर चौधरी साहब को लेकर किया था लैंड? कोई भी चेहरा इस मुलाकात में उनके आस-पास नहीं था? उनकी ये मजबूती कईयों को नहीं लेने दे रही है चैन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये तो बात अपने आप में है बहुत आम? मैम्बर भाटी और क्षेत्र के भगवा कमिश्नर का बिल्कुल भी तालमेल नहीं खाता है श्रीमान? सुना है अपनी सक्रियता वाली सूची भेजी थी भाटी जी ने किसी के हाथ? मगर यहां पर भगवा कमिश्नर के भी नहीं थे कलैक्टर से कम अंदाज? सूची लेने से उन्होंने कर दिया इंकार? कह दिया इसे तभी एक्सेप्ट किया करेंगे? जब मैम्बर देंगे इस सूची के साथ दीदार? देखना अब ये है आगे क्या घटेगा सीन? फिलहाल तो मामला है ये सबके लिए नमकीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के चुनाव में नदिया पार के भगवा कमिश्नर शर्मा और बक्शी ने कर दिये हैं रात और दिन एक? वो बिल्कुल भी नहीं ले रहे हैं चैन की सांस? जब से शुरू हुआ है चुनाव, तब से नजर आ रहे हैं वो कमांडर के आस-पास? ऐसा लग रहा है आने वाले निगम चुनाव में दोनों पूरे कर लेंगे अपने रूके हुए अरमान? इस बार रस्सी पर चल कर बैलेंस नहीं बनाना पड़ेगा? एडवांस में ही दोनों इस बार कर लेंगे पूरा काम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## संपादकीय

# सौर ऊर्जा में प्रगति

स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम सामने आने लगे हैं. वर्ष 2023 में दुनिया में सौर ऊर्जा के उत्पादन में जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ते हुए भारत तीसरे स्थान पर रहा. इस उपलब्धि के महत्व का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2015 में हमारे देश का स्थान नौवां था. ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक गतिविधियों का अध्ययन करने वाले संस्थान एंबर की ताजा रिपोर्ट में उन 80 देशों के उत्पादन का संज्ञान लिया गया है, जो दुनिया में बिजली की कुल मांग के 92 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इसके अलावा 215 देशों के ऐतिहासिक आंकड़ों को भी अध्ययन में शामिल किया गया है. पिछला वर्ष स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के मामले में पूरे विश्व के लिए संतोषजनक रहा है. सौर ऊर्जा की बात करें, तो इसने वैश्विक ऊर्जा उत्पादन में 5.5 प्रतिशत का योगदान किया है. भारत में यह आंकड़ा 5.8 प्रतिशत रहा है. इस बढ़त से इंगित होता है कि बहुत सारे देश जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने तथा उत्सर्जन घटाने की दिशा में सक्रिय हैं. भारत की इसमें अग्रणी भूमिका है. उत्पादन में जहां भारत बीते साल तीसरे स्थान पर रहा है, वहीं ऊर्जा क्षमता में सौर ऊर्जा जोड़ने के मामले में चौथे स्थान पर आ गया है. स्थापित क्षमता के लिहाज से हम पांचवें पायदान पर हैं। इस सूची में भारत से पहले चीन, अमेरिका और ब्राजील हैं. केवल इन चार देशों ने 2023 में दुनिया के कुल सौर ऊर्जा उत्पादन में 75 प्रतिशत का योगदान किया है. भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट हरित ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य के स्तर पर लाने के भारत के संकल्प को रेखांकित किया था. इस संदर्भ में केंद्र सरकार ने अनेक नीतिगत पहल भी किया है. स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2014 से अब तक उत्पादन में 30 गुना वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस जलवायु सम्मेलन के तुरंत बाद फ्रांस के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस का गठन किया था, जिसमें आज सवा सौ से अधिक देश जुड़ चुके हैं. हाल में सूर्योदय योजना का प्रारंभ किया गया है, जिसमें कम आमदनी के परिवारों को सोलर पैनल लगाने के लिए सहायता दी जायेगी. ऐसी योजनाओं में अतिरिक्त बिजली खरीदने तथा मुफ्त बिजली देने का भी प्रावधान है. सौर ऊर्जा के अलावा पवन ऊर्जा, बायोमास, जल विद्युत संयंत्र, कचरे से ऊर्जा निकालने आदि के संबंध में भी प्रयास हो रहे हैं. हाइड्रोजन ऊर्जा से भविष्य में बड़ी उम्मीदें हैं. इन प्रयासों में तेजी की दरकार है।

# विदेश मंत्री जयशंकर ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कारोबारियों से मिले



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर बताया कि सिडनी में सीईओ और बिजनेस लीडर्स के साथ बैठक कर दिन की अच्छी शुरूआत हुई। डिजिटल, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और स्किलिंग में भारत में चल रहे बदलावों को रेखांकित किया। एक-दूसरे के विकास में सहायता के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संभावनाओं पर प्रकाश डाला। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और व्यापार जगत के नेताओं से मुलाकात की और एक दूसरे के विकास में सहयोग के लिए दोनों देशों के बीच स्वाभाविक भूमिका पर प्रकाश डाला। जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की सरकारी यात्रा पर हैं। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, सिडनी में सीईओ और बिजनेस लीडर्स के साथ बैठक कर दिन की अच्छी शुरूआत हुई। डिजिटल, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और स्किलिंग में भारत में चल रहे बदलावों को रेखांकित किया। एक-दूसरे के विकास में सहायता के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच प्राकृतिक पूरकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमारे मजबूत व्यापार और निवेश संबंध हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख चालक हैं। जयशंकर ने सिडनी में न्यू साउथ वेल्स संसद में प्रवासी समुदाय के सदस्यों, सांसदों और भारत के मित्रों से भी मुलाकात की। जयशंकर ने कहा, भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी को सक्रिय बनाने में भारतीय समुदाय के सक्रिय योगदान के लिए उनका धन्यवाद। उन्होंने विदेश मामलों और रणनीति विशेषज्ञों के साथ एक चर्चा में भी भाग लिया। लोवी इंस्टीट्यूट, सिडनी स्थित एक स्वतंत्र थिंक टैंक है।

# ट्रंप की जीत के बाद गोल्ड की कीमतों में गिरावट जारी

## 76,000 रुपये के करीब पहुंचा भाव

**नई दिल्ली।** अमेरिकी चुनावों के बाद गोल्ड की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है। गुरुवार को एमसीएक्स पर गोल्ड का दिसंबर का फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,369 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। वहीं, चांदी का दिसंबर फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट 0.24 प्रतिशत की मंदी के साथ 90,601 रुपये प्रति किलो पर खुला। अमेरिकी चुनावों में ट्रंप की जीत के बाद पिछले दो दिनों में गोल्ड के दाम 2,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 4,050 रुपये प्रति किलो तक गिर गए हैं। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड का दाम 76,570 रुपये प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट गोल्ड का दाम 74,720 रुपये प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट गोल्ड का दाम 68,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड का दाम 62,201 रुपये प्रति 10 ग्राम है। जेएम फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी- कमोडिटी एंड करेंसी रिसर्च, प्रणव मेर का कहना है कि गोल्ड और अन्य कमोडिटी में गिरावट देखने को मिली है। इसकी वजह अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत होना है, जिसके कारण अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है। हालांकि, सपोर्ट लेवल पर होने के कारण नुकसान की भरपाई हुई है। अब बाजार का फोकस अमेरिकी फेड के पॉलिसी के निर्णय पर है। आगे कहा, चार्ट पर गोल्ड की कीमतें एमसीएक्स पर 77,500 रुपये रुपये प्रति 10 ग्राम और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2,700 डॉलर प्रति औंस के महत्वपूर्ण सपोर्ट लेवल पर पहुंच गई हैं। हम केवल तभी अधिक सुधार की उम्मीद करते हैं जब दिए गए सपोर्ट लेवल नहीं टूटता है और कायम रहता है। एलकेपी सिक्योरिटीज में वीपी रिसर्च एनालिस्ट - कमोडिटी एंड करेंसी, जतीन त्रिवेदी का कहना है कि सोने की कीमतों में उथल-पुथल देखी जा रही है। फिलहाल यह 78,500 रुपये से लेकर 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बनी हुई है। अमेरिकी चुनाव के नतीजों से डॉलर इंडेक्स मजबूत होकर 105 पर पहुंच गया है। इसके कारण सोना 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 2,700 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। त्रिवेदी ने आगे कहा कि सोने की कीमतें ओवरसोल्ड जोन में चली गई हैं, जिसके कारण इसमें 2,700 डॉलर से लेकर 2,725 डॉलर तक की रिकवरी देखने को मिली। रिकवरी के बाद भी मंदी का रुझान बना हुआ है और 2,740 डॉलर और 2,680 डॉलर एक रुकावट का स्तर है।



# डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद लाल निशान पर खुला शेयर बाजार

**मुंबई।** डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान पर खुला है। शुरुआती कारोबार में मेटल, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इंफ्रा सेक्टर में बिकवाली देखी जा रही है। बीएसई का सेंसेक्स 381.53 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरने के बाद 79,996.60 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 130.90 अंक या 0.53 प्रतिशत गिरने के बाद 24,353.15 पर कारोबार कर रहा है।



हालांकि, बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,250 शेयर हरे, जबकि 999 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 255.55 अंक या 0.49 प्रतिशत गिरने के बाद के 52,061.85 पर है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 87.70 अंक या 0.15 प्रतिशत चढ़ने के बाद 57,4.350 स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 19.70 अंक या 0.10 प्रतिशत फिसलने के बाद 18,886.40 पर है। सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप लूजर्स बने हुए हैं। वहीं, टाटा स्टील, एचसीएल टेक, टीसीएस और जेएसडब्ल्यू स्टील टॉप गेनर्स रहे। बाजार के जानकारों के अनुसार, ट्रंप की जीत पहले से कहीं ज्यादा परिवर्तनकारी साबित हो रही है। कांग्रेस और सीनेट के रिपब्लिकन नियंत्रण में आने और राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा एक और कार्यकाल की चिंता किए बिना सत्ता का प्रयोग करने के साथ, ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद के महीनों में बड़े पैमाने पर परिवर्तनकारी निर्णय संभव हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये निर्णय अच्छे और बुरे दोनों साबित हो सकते हैं।

## SPECIAL WISHES

दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के पौत्र तक्ष का हैप्पी बर्थडे है। पौत्र के जन्मदिन पर दादा पप्पू पहलवान ने पौत्र की लंबी आयु उत्तम स्वास्थ की कामना की। देवाधिदेव महादेव शिव से अपने पौत्र तक्ष के लिए विशेष आशीर्वाद की कामना की।

## राशिफल

**मेष:** कानूनी अड़चन दूर होगी। आय के साधनों में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन सुखी रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**कर्क:** कोई शोक समाचार प्राप्त हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

**सिंह:** मित्रों तथा रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। भरपूर प्रयास करें।

**कन्या:** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बन सकते हैं।

**तुला:** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। जोखिम न लें। विवाद में न पड़ें।

**वृश्चिक:** किसी भी प्रकार की बहस में हिस्सा न लें। बात बिगड़ सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**धनु:** रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मकर:** नया कार्य करने की योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए काम मिलेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कुंभ:** पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी।

**मीन:** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। विशेषकर स्त्रियां सावधान रहें। किसी भी तरह की बहस में किसी से भी हिस्सा न लें। विवेक का प्रयोग करें।

## चुटकुले

रमेश : इतना परेशान क्यों है?
सुरेश : एक बात ने परेशान कर रखा है।
रमेश : किस बात ने?
सुरेश : जब दिल में कोई हड्डी ही नहीं होती तो फिर टूटता कहां से है?

---

एक झूठ जो हर इंसान अक्सर बोलता है...
'बात पैसों की नहीं है।'

---

उसके आधार को दिल से
भी जोड़ दो साहब...
पता तो चले कि कितने खाते खुले हुए हैं?
एक भड़का हुआ आशिक

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया। जाम्बियन ने समझाया, ‘यही कारण है कि हमारे यहां कोई कृषि नहीं है’।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।
- न्यूट्रीकल्चर लिमिटेड, मावेस्ले, लंकाशायर, ब्रिटेन द्वारा उगाए गए पौधे जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 11 मई 2000 के अनुसार सबसे लंबा टमाटर पौधा जो 19.8 मीटर (65 फीट) की ऊंचाई पर पहुंच गया था।
- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ, जबकि प्रदर्शनकारियों ने ‘मोनिका, मोनिका’ का नाम चिल्ला रहे थे।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय ‘करंट क्राइम’ बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# सिंधु ने विजाग में बैडमिंटन अकादमी के लिए भूमि पूजन किया



**विशाखापत्तनम ।** बैडमिंटन स्टार पी.वी. सिंधु ने गुरुवार को यहां अपनी बैडमिंटन अकादमी के लिए भूमि पूजन किया।

ओलंपिक रजत पदक विजेता ने अपने माता-पिता के साथ थोटागुरु क्षेत्र में पुजारियों द्वारा आयोजित अनुष्ठानों में भाग लिया।

यह अकादमी 2021 में आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा आवंटित दो एकड़ भूमि पर बनाई जा रही है।

बैडमिंटन विश्व चैंपियन बनने वाली एकमात्र भारतीय सिंधु ने कहा कि निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा और उम्मीद है कि अकादमी एक साल के भीतर बनकर तैयार हो जाएगी।

29 वर्षीय सिंधु ने कहा कि इस अकादमी के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित करना और उन्हें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना उनका लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित किए जाने वाले खिलाड़ियों की संख्या और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्य विवरण जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

सितंबर 2019 में, सिंधु ने अपना पहला बीडब्लूएफ विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीतने के तुरंत बाद, तत्कालीन मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी से विशाखापत्तनम में बैडमिंटन अकादमी स्थापित करने के लिए जमीन जारी करने का अनुरोध किया था। जगन मोहन रेड्डी ने उनके अनुरोध पर विचार करने का वादा किया था।

2021 में, सरकार ने विशाखापत्तनम ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत चिनागडिली में पशुपालन विभाग की तीन एकड़ जमीन में से दो एकड़ जमीन खेल और युवा मामलों के विभाग को हस्तांतरित कर दी।

शेष एक एकड़ जमीन राजस्व विभाग द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग को आवंटित की गई। बाद में खेल और युवा मामलों के विभाग ने सिंधु को बैडमिंटन अकादमी और खेल स्कूल स्थापित करने के लिए दो एकड़ जमीन आवंटित की।

जमीन आवंटित करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए सिंधु ने कहा था कि वह आंध्र प्रदेश में खेलों को विकसित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा, विशाखापत्तनम में कोई बैडमिंटन अकादमी नहीं है, इसलिए वहां उच्चतम स्तर की बुनियादी सुविधाओं वाली अकादमी स्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

# भारत को अतिरिक्त उछाल परेशान करेगी : इयान चैपल



**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान इयान चैपल का मानना है कि अगर भारतीय बल्लेबाज आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में अपने शॉट्स को ओवर द टॉप करने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें इस महत्वपूर्ण सीरीज के दौरान परिस्थितियों में अतिरिक्त उछाल का सामना करना पड़ेगा। भारत न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान पर 3-0 से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगा। कप्तान रोहित शर्मा और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली का खराब फॉर्म मेहमान टीम की मुख्य चिंताओं में से एक है।

चैपल ने कहा,भारत को बल्लेबाजी में कुछ समस्याएं हैं। मुझे लगता है कि जायसवाल एक बहुत ही अच्छे दिखने वाले युवा खिलाड़ी हैं, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हैं, मुझे लगता है कि गिल वास्तव में खेल सकते हैं। लेकिन फिर आपके पास कोहली और रोहित शर्मा हैं, जो दोनों उम्रदराज हैं, और आप उस बिंदु पर पहुंच जाते हैं जहां लोग इसके बारे में बात करना शुरू कर देते हैं और शायद यह आपके दिमाग में थोड़ा सा घुसना शुरू कर देता है (जहां आप सोचते हैं), 'क्या मैं उस उम्र में पहुंच गया हूं जहां सब कुछ नीचे की ओर जाने लगता है?' और वे दोनों उस उम्र में हैं।

चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स के आउटसाइड द रोप शो में कहा, मैं इसके खिलाफ सिर्फ.एक ही बात कहूंगा कि वे ऑस्ट्रेलिया आ रहे हैं जहां पिचें बहुत अच्छी हैं, लेकिन वहां अतिरिक्त उछाल होगा और अगर वे ऊपर से खेलने की कोशिश करेंगे तो अतिरिक्त उछाल उन्हें पकड़ लेगा।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो टेस्ट सीरीज क्रमशः 2018/19 और 2020/21 में समान 2-1 के अंतर से जीती हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के शानदार फॉर्म में न होने के कारण, टीम में शामिल युवा बल्लेबाजों पर बड़े रन बनाने का दबाव ज्यादा है।

उन्होंने (भारत) पुजारा और रहाणे को टीम से बाहर कर दिया है, और उनके पास रोहित शर्मा और विराट कोहली के रूप में दो खिलाड़ी बचे हैं, जो उनके दो सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं, लेकिन अचानक से उनके लिए यह दौर थोड़ा मुश्किल हो गया है... और इससे अब युवा खिलाड़ियों और उनके निचले क्रम पर भी दबाव बढ़ गया है। आपको अभी भी अपने सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों से ज्यादा से ज्यादा रन बनाने की जरूरत है।

# तेलुगू टाइटंस ने सीजन 7 के बाद पहली बार तमिल थलाइवाज को हराया




**हैदराबाद ।** पवन सहरावत (12) और आशीष नरवाल (9) के बेहतरीन खेल की बदौलत तेलुगू टाइटंस ने गाचीबावली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में बुधवार को राइवलरी वीक के तहत खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 38वें मैच में तमिल थलाइवाज को 35-34 से हरा दिया। सात मैचों में टाइटंस की यह चौथी जीत है जबकि थलाइवाज को इतने ही मैचो में तीसरी हार मिली।

इस जीत ने टाइटंस को अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है जबकि सचिन तंवर के 17 अंक के बावजूद हार झेलने वाली थलाइवाज पहले की तरह तीसरे स्थान पर बनी हुई है। थलाइवाज के लिए डिफेंस में नितेश ने चार अंक बटोरे।

दोनों टीमों ने बेहतरीन शुरूआत की। पांच मिनट बाद स्कोर 5-5 था। इसके बाद 7-7 के स्कोर पर टाइटंस ने थलाइवाज को सुपर टैकल सिचुएशन में डाला और फिर उसे आलआउट कर 11-7 की लीड ले ली। पवन ने चौथे अंक के साथ स्कोर 12-7 किया लेकिन सचिन ने सुपर रेड साथ स्कोर 10-12 कर दिया। अगली रेड पर सागर ने सचिन का शिकार कर लिया। शुरूआती 10 मिनट में टाइटंस 14-10 से आगे थे।

आलइन के बाद थलाइवाज ने पवन का शिकार करते हुए लगातार दो अंक लिए। इसके बाद सचिन की रेड पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला।

टाइटंस तीन अंक से आगे थे, जिसे आशीष ने चार का किया और पवन को रिवाइव भी करा लिया। इसके बाद टाइटंस के डिफेंस ने नरेंदर का शिकार कर लिया। फिर पवन ने चार के डिफेंस में एक शिकार के साथ थलाइवाज को सुपर टैकल सिचुएशन में डाल दिया।

इसके बाद 19-13 के स्कोर पर थलाइवाज के डिफेंस ने पवन को सुपर टैकल कर लिया। इसके बाद सचिन ने डू ओर डाई रेड पर अंकित को बाहर कर दिया। इसी बीच आशीष ने एक महीन टच के साथ फिर से पवन को रिवाइव करा लिया। टाइटंस ने 3 अंक की लीड के साथ पाला बदला। आलइन के बाद सचिन ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर फासला 2 का कर दिया।

पवन की अगली रेड डू ओर डाई थी लेकिन उनका शिकार हो गया। टाइटंस अब सुपर टैकल सिचुएशन में थे।

# किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में



**इक्सन सिटी ।** भारतीय शटलर किरण जॉर्ज ने गुरुवार को यहां बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूनामेंट कोरिया मास्टर्स में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के ची यू जेन को हराकर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व के 41वें नंबर के खिलाड़ी जॉर्ज, जो टूनामेंट में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय हैं, ने जेन पर 21-17, 19-21, 21-17 से जीत दर्ज की और शीर्ष आठ में पहुंच गए, जहां उनका सामना जापान के ताकुमा ओबैयाशी से होगा।

जेन ने पहले मिडगेम ब्रेक पर एक अंक की बढ़त बनाई, लेकिन किरण जॉर्ज ने खेल फिर से शुरू होने के बाद तेजी से बढ़त हासिल की और पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में, चीनी ताइपे के शटलर ने वापसी की और किरण के अंत में तीन गेम पॉइंट बचाने के बावजूद बराबरी कर ली।


निर्णायक गेम तब तक रोमांचक रहा जब तक जॉर्ज ने लगातार पांच अंक नहीं जीत लिए और 20-14 की बढ़त हासिल नहीं कर ली। जेन ने तीन गेम प्वाइंट बचाए, लेकिन भारतीय खिलाड़ी को एक घंटे 15 मिनट में मैच जीतने से नहीं रोक पाए।

इससे पहले, किरण जॉर्ज को शुरूआती दौर में वियतनाम के गुयेन है डांग को 15-21, 21-12, 21-15 से हराने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

भारत के आयुष शेट्टी (पुरुष एकल) और इमाद फारूकी सामिया (महिला एकल) भी टूनामेंट के लिए प्रवेश सूची में थे, लेकिन दोनों ने नाम वापस ले लिया है।

# पाकिस्तान के कप्तान रिजवान पर पोंटिंग ने कहा, 'उसे लम्बा मौका दें'

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि पाकिस्तान के नवनियुक्त सफेद-बॉल कप्तान मोहम्मद रिजवान को इस भूमिका में लम्बा मौका मिलना चाहिए ताकि वे अपने नेतृत्व कौशल को प्रारूपों में दिखा सकें।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पिछले महीने रिजवान को सफेद-बॉल टीमों का कप्तान नियुक्त किया था, जब बाबर आजम ने टी20 विश्व कप 2024 से जल्दी बाहर होने के बाद दूसरी बार यह भूमिका छोड़ दी थी।

कप्तान के रूप में रिजवान के पहले असाइनमेंट में पाकिस्तान को पिछले हफ्ते मेलबर्न में वनडे विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, पोंटिंग ने पाकिस्तान के प्रबंधन को नेतृत्व की भूमिका के बारे में किसी भी आवेगपूर्ण निर्णय के खिलाफ चेतावनी दी।

पोंटिंग ने आईसीसी समीक्षा में कहा, वे लगातार कप्तान बदल रहे हैं, (शाहीन) अफरीदी एक दिन, बाबर एक दिन, रिजवान दूसरे दिन। उनके सफेद -बॉल सामान के आसपास बहुत सारे बदलाव हो रहे हैं। आप उस अस्थिरता को देखना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वे कुछ ऐसा खोजने की कोशिश कर रहे हैं जो काम करता है और वे तब तक बदलाव करने को तैयार हैं जब तक उन्हें कुछ ऐसा न मिल जाए जो काम करता है और उन्हें सही नतीजे मिलने लगते हैं।"

पोंटिंग ने कहा कि चल रहा ऑस्ट्रेलिया दौरा रिजवान के नेतृत्व कौशल का एक अच्छा संकेत देगा। वह उस तरह का खिलाड़ी है जिसे मैं देखना पसंद करता हूं। आक्रामक खिलाड़ी जो खेल को आगे बढ़ाता है, और अपने दिल की बात थोड़ी खुलकर कहता है।"

मुझे लगता है कि आप देख सकते हैं कि वह मैदान पर, मैदान पर भी काफी भावुक हो जाता है, जो मुझे लगता है कि एक अच्छी बात है।

# माइकल नेसर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया ए मैच से बाहर

**मेलबर्न ।** तेज गेंदबाज माइकल नेसर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए मुकाबले



के शेष मैच से बाहर हो गए हैं। उन्होंने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन चार विकेट लिए थे नेसर, जिन्होंने 4-27 के आंकड़े के साथ वापसी की, सुबह 13वें ओवर की अपनी दूसरी गेंद के बाद अचानक से चोटिल हो गए। वे तुरंत मैदान से लंगड़ाते हुए बाहर चले गए, जिससे स्पष्ट संकेत मिला कि उन्हें पता था कि समस्या क्या है।

# वेस्टइंडीज से इंग्लैंड की वनडे सीरीज में हार के बाद ट्रेस्कोथिक ने कहा, 'हमारे लिए चुनौतीपूर्ण समय'

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) ।** इंग्लैंड के अंतरिम मुख्य कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक ने स्वीकार किया है कि वेस्टइंडीज से वनडे सीरीज हारने के बाद टीम के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय रहा है। व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम के कारण इंग्लैंड ने कैरेबियाई दौरे पर कई नए खिलाड़ियों को शामिल किया, लेकिन 2-1 से हारकर इस प्रारूप में अपनी लगातार तीसरी सीरीज हार दर्ज की।



सीरीज के अंत में ट्रेस्कोथिक ने टीएनटी स्पोर्ट्स से कहा, यह हमारे लिए वास्तव में चुनौतीपूर्ण समय रहा है।

खिलाड़ियों ने अभी-अभी पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज खत्म की है। 20 दिनों के भीतर एक और टेस्ट सीरीज शुरू होने वाली है। हम जानते हैं कि हम कहां हैं। हमने कुछ ऐसी चीजें देखी हैं, जो हम देखना चाहते थे। बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में सीरीज के निर्णायक मैच में, कीसी कार्टी ने सिर्फ 114 गेंदों पर नाबाद 128 रन बनाए, जबकि ब्रैंडन किंग ने 102 रन बनाए, जिससे वेस्टइंडीज ने सात ओवर शेष रहते 263/8 के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए सीरीज में शानदार जीत दर्ज की।

ट्रेस्कोथिक का यह भी मानना है कि युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल, जिन्होंने इंग्लैंड द्वारा जीते गए सीरीज के दूसरे मैच में अर्धशतक बनाया था, मेहमान टीम के लिए एक बेहतरीन खोज रहे हैं। सीरीज के नतीजों की तुलना में हमें इस बात की बेहतर समझ है कि हमारी टीम कैसी दिखेगी।

कुछ खिलाड़ी वाकई आगे बढ़ रहे हैं। उदाहरण के लिए, लियाम लिविंगस्टोन। बेथेल ने कम समय में ही शानदार प्रदर्शन किया है। हमें जो समर्थन मिल रहा है, वह अद्भुत है। हमें कोशिश करनी होगी और इसके साथ बने रहना होगा और समझना होगा कि हम किस दौर से गुजर रहे हैं।

जनवरी में पांच टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए इंग्लैंड के भारत दौरे पर ब्रेंडन मैकुलम के व्हाइट-बॉल टीम की कमान संभालने के साथ, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान सर एलिस्टेयर कुक को लगता है कि उनका शामिल होना टीम को अपनी ताकत फिर से हासिल करने के लिए जरूरी बढ़ावा है। कुक ने कहा, मैं इस टीम में मैकुलम की छाप देखने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि उनके पास खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने का एक तरीका है। जब भी उन्होंने टीमों की कमान संभाली है, उस टीम में खेलने को लेकर वाकई उत्साह रहा है। उस वनडे टीम के साथ, इसे बस थोड़े से बढ़ावा की जरूरत है।



# हरमनप्रीत कौर डब्लूबीबीएल टीम ऑफ द डिकेड के लिए 50 शॉर्टलिस्ट खिलाड़ियों में एकमात्र भारतीय

**मेलबर्न ।** कप्तान हरमनप्रीत कौर गुरुवार को जारी महिला बिग बैश लीग (डब्लूबीबीएल) टीम ऑफ द डिकेड के लिए 50 शॉर्टलिस्ट खिलाड़ियों में एकमात्र भारतीय हैं।

डब्लूबीबीएल के 10 साल के इतिहास में सबसे महान खिलाड़ियों को इस सीजन में सम्मानित किया जाएगा, जिसमें बिग बैश आधिकारिक तौर पर टीम ऑफ द डिकेड का नाम तय करेगा।

दाएं हाथ की भारतीय बल्लेबाज ने डब्लूबीबीएल में अब तक सिडनी थंडर और मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए 62 मैच खेले हैं। उन्होंने 37.89 की औसत से 1440 रन बनाए हैं, जिसमें सात अर्धशतक शामिल हैं।

इस सूची में वे खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने मौजूदा सीजन से पहले कम से कम 60 डब्लूबीबीएल मैच खेले हैं।

बिग बैश ने केवल 12 पदों को सीमित करने के कठिन कार्य से निपटने के लिए विशेषज्ञों का एक चयन पैनल नियुक्त किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के निदेशक क्ली स्मिथ की अध्यक्षता वाले इस पैनल में मेल जोन्स, लीसा स्थालेकर, मैथ्यू मॉट, क्वेंटिन हल, लॉरा जॉली और एलिस्टेयर डॉब्सन शामिल हैं।

प्रशंसकों को दशक की अपनी टीम चुनने का मौका भी मिलेगा, जिसमें पैनल के चयन के बराबर सार्वजनिक वोट दिए जाएंगे।

बिग बैश ऐप पर 11-24 नवंबर के बीच सार्वजनिक वोटिंग खुली रहेगी।

इसके बाद पैनल 12 खिलाड़ियों वाली टीम को अंतिम रूप देने के लिए सार्वजनिक वोटों की समीक्षा करेगा और उन्हें अपने चयनों के साथ मिलाएगा, जिसकी घोषणा 1 दिसंबर को डब्लूबीबीएल 10 फाइनल में की जाएगी।

**डब्लूबीबीएल के 10 साल के इतिहास में सबसे महान खिलाड़ियों को इस सीजन में सम्मानित किया जाएगा, जिसमें बिग बैश आधिकारिक तौर पर टीम ऑफ द डिकेड का नाम तय करेगा।**

# ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहली पारी में असफल हुए राहुल, जुरेल का अर्धशतक

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट मैच के पहले दिन इंडिया ए के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज माइकल नेसर (चार विकेट) के सामने बेबस नजर आए और उनकी पारी 57.1 ओवरों में सिर्फ. 161 रनों पर सिमट गई। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को छोड़कर उन सभी खिलाड़ियों ने निराश किया जो कि पर्थ में खेले जाने वाले पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के भारतीय एकादश में जगह बनाने के दावेदार हैं।




भारतीय कप्तान रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से पहले टेस्ट में अनुपस्थित रह सकते हैं, इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को यशस्वी जायसवाल के लिए एक सलामी जोड़ीदार की तलाश है। इसी को देखते हुए इस मैच के लिए केएल राहुल को पहले ही ऑस्ट्रेलिया भेज दिया गया था और उन्होंने इस मैच में ओपनिंग की। हालांकि वह मैच के दूसरे ओवर में ही स्कॉट बोलैंड की एक बाहर निकलती फुल गेंद को ब्लॉक करने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच दे बैठे और सिर्फ.चार रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में राहुल सिर्फ.एक मैच खेल पाए थे और खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर हो गए थे। राहुल को ओपनिंग कराने का प्रयोग पहली पारी में असफल रहा, जो कि भारतीय टीम प्रबंधन के लिए निश्चित रूप से चिंता का विषय होगा।

रोहित शर्मा की जगह लेने के एक और सलामी दावेदार अभिमन्यु ईश्वरन ने भी अब तक ऑस्ट्रेलिया ए के दौरे पर निराश किया है। भारत के घरेलू सीजन में लगातार चार मैचों में चार शतक बनाकर आ रहे अभिमन्यु पारी की तीसरी ही गेंद पर नेसर की उछाल भरी शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद को खेल नहीं पाए और गली में शून्य के स्कोर पर कैच थमा बैठे।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में स्पिक मैके, पं. अजय शंकर प्रसन्ना की बांसुरी से कृष्णमय हुआ वातावरण





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** 6 नवंबर 2024 नेहरू वर्ल्ड स्कूल में स्पिक मैके के सहयोग से एक विशेष संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रख्यात बांसुरी वादक पंडित अजय शंकर प्रसन्ना ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। पं प्रसन्ना जो तीन बार ग्रेमी नामांकित और अटल सम्मान से सम्मानित हैं। भारतीय शास्त्रीय संगीत के बनारस घराने की समृद्ध परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे आकाशवाणी के टॉप ग्रेड कलाकार हैं और संगीत नाटक अकादमी अवार्ड एवं पद्म विभूषण से सम्मानित पं हरि प्रसाद चौरसिया के गुरुए पं भोलानाथ प्रसन्ना जी के सुपुत्र एवं शिष्य हैं।

इस कार्यक्रम में पं प्रसन्ना का साथ तबले पर रमीज रजा ने दिया। जिनके सहयोग से प्रस्तुति और भी भावपूर्ण हो गई। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान नेहरू वर्ल्ड स्कूल की कार्यकारी प्रमुख सुजन होम्स और निदेशक प्रशासन के० पी० सिंह ने शॉल और पुष्प देकर किया। पं अजय प्रसन्ना का यह प्रदर्शन न केवल संगीत बल्कि एक शिक्षाप्रद अनुभव भी रहा। उनकी बांसुरी की मधुर धुनों ने कक्षा 9 और 11 के छात्रों को एक घंटे से भी अधिक समय तक मंत्रमुग्ध रखा। पं प्रसन्ना ने भारतीय शास्त्रीय संगीत के विभिन्न पहलुओं पर छात्रों को जानकारी दी। जैसे कि रागों की संरचनाए सुरों का संयोजन और संगीत की गहरी परंपरा। उन्होंने छात्रों को संगीत का व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए अपने वादन को अत्यंत संवादात्मक रखाए जिससे बच्चे भी इस अनुभव का हिस्सा बन सके।

छात्रों ने विशेष रूप से पं प्रसन्ना की सादगी और सहजता से प्रभावित होकर भारतीय शास्त्रीय संगीत को करीब से समझने का अवसर पाया। उनके सवालों का उत्तर देते हुए पं प्रसन्ना ने हर जानकारी को सरल और रोचक बना दिया। जिससे छात्रों में शास्त्रीय संगीत के प्रति न केवल रुचि बल्कि एक नई समझ भी विकसित हुई। इस आयोजन ने बच्चों को संगीत के प्रति एक गहरे जुड़ाव का अनुभव कराया और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को आत्मसात करने का एक अनमोल अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे वरिष्ठ विंग की विंग हेड श्रीमती मंजुला सिंह ने प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने शास्त्रीय कलाकारों को कोटि कोटि धन्यवाद दिया। जिन्होनें नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत समझाने की जिम्मेदारी उठाई है। स्कूल ने इस अद्भुत आयोजन के लिए गाज़ियाबाद की सिटी कोऑर्डिनेटर आभा बंसल को भी धन्यवाद दिया। जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका।

## पन्ना प्रमुखों को जीत का मंत्र देंगे योगी

### आज गाजियाबाद से करेंगे प्रचार अभियान की शुरुआत, 3 दिन में 9 सभाएं



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से करेंगे। 8 नवंबर को वो गाजियाबाद आएंगे। शाम 4 बजे सरस्वती शिशु मंदिर नेहरूनगर में गाजियाबाद विधानसभा के सभी पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन में शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि सीएम तीन दिन में सभी 9 विधानसभा सीटों पर कार्यक्रम करेंगे, जहां उपचुनाव होना है। यानि एक दिन में वो तीन सीटों को कवर करेंगे। 8 नवंबर को गाजियाबाद आने से पहले वो मीरापुर और कुंदरकी में भी सभाएं कर सकते हैं। गाजियाबाद शहर विधानसभा उप चुनाव के मुख्य चुनाव संयोजक एवं पूर्व महापौर आशु वर्मा ने बताया- इस सम्मेलन में शहर क्षेत्र के सभी पन्ना प्रमुख आएंगे। मुख्यमंत्री उन्हें जीत का मंत्र देंगे। इसके अलावा पन्ना प्रमुखों से वो मौजूदा स्थिति पर चर्चा करेंगे। उधर, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य 7 नवंबर को गाजियाबाद आएंगी। वो नवयुग मार्केट स्थित चुनाव कार्यालय पर महिला मोर्चा की बैठक करेंगी।

गाजियाबाद विधानसभा सीट पर उपचुनाव 20 नवंबर को होना है। इससे पहले चुनाव की तारीख 13 नवंबर थी। तारीख आगे बढ़ने से ये माना जा रहा था कि सीएम का कार्यक्रम भी आगे बढ़ जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वे पहले से निर्धारित तारीख 8 नवंबर को ही गाजियाबाद आ रहे हैं। इससे पहले अखिलेश यादव ने भी इलेक्शन कैंपेन की शुरूआत 5 नवंबर को गाजियाबाद से की थी। यहां अखिलेश ने गाजियाबाद से गाजीपुर का नारा दोहराया था।




## यही है गठबधंन की सोच अपनी अपनी सपोर्ट अपनी अपनी वोट

हाथ वाले इस बार सपोर्ट में हैं और साईकिल वाले वोट मांग रहे हैं। देखने वालों ने भी कह ही दिया कि ऐसी सपोर्ट और ऐसी वोट से तो ये सपाई खुद ही साईकिल चला लेते तो कम से कम ये सहयोग की गठरी तो सिर पर ना लदती। फूल वाले पहले दिन से ही इस बात पर फूल रहे हैं कि हमारा तो कमल खिला पड़ा हैं। हैंडपंप वाले आयें तो ठीक और ना आयें तो और भी ठीक वाला सीन चल रहा है। सुना है नीली आर्मी वाले चीफ ने भी कार से उतरते ही कैड़ी आईज से जाट की तरफ देखा था और आंखो ही आंखो में कह दिया था कि ये तो मेरे वाले हैं सारे के सारे, अरे तेरे वाले जाट कहां हैं। हाथी के महावत बने लाला जी के साथ उनके ही बिरादर ना दिख रहे हैं। व्यापार मडंल वाले जाकर फूल वालों के यहां सपोर्ट वाला हाथ उठा आये। बहरहाल गठबधंन सहयोग की गठरी ऐसी है कि अपनी अपनी वोट आनी है और अपनी अपनी सपोर्ट लेकर आनी है।

## केबल वालों की साईकिल में पंचर हाथ वालो के मौहल्ले में होना है

साईकिल वालों ने वो सीट भी अपने कोटे में अलाट करा ली जिस सीट पर हाथ वालों ने बॉयोडाटा दिये थे और एक ने तो खुद को उम्मीदवार भी मान लिया था। एक सपाई और एक कांग्रेसी तो इस उम्मीद में भी थे कि गठबधंन की बॉल किसी भी तरफ जाये लेकिन उम्मीदवारी का बुलावा उन्हे ही आयेगा। जनरल सीट पर साईकिल वाले एक्स महावत को लेकर आ गये। एक्स महावत पूरा पसीना बहा रहे है लेकिन हाथ वाले उनके साथ कहां नजर आ रहे हैं। साईकिल वाले ने ही हाथ वाले से कहा कि हमें ही हाथ वाले नेता पहले ये बता दें कि उनके मौहल्ले में निगम पार्षद को कितनी वोट मिली हैं जो ये साईकिल वाले को दिला देगें। उन्होने दावा किया कि कुल तीन मेंबर है जिनमे से दो आऊट ऑफ सिटी आते हैं। एक मेंबर हाथ का है और वो भी इंटरनली किसी और के हाथ का बताया जाता हैं। दावा करने वाले ने कहा कि आप मेरी बात लिख कर रख लो कि केबल वालों की चुनावी साईकिल में पंचर ही यहां हाथ वालों के मौहल्ले में होना है।

## ये दो साल और कर ले यहां मेंबरी फिर होना है इसका इलाज

वो शहर में जीते और लहर में जीते और जीतने के बाद उनका कहर अपनो पर ही टूटा। रोजाना कभी इसकी शिकायत तो कभी उसकी शिकायत उस मेंबर की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। सुना है कि दल के भीतर और वार्ड की सीमा के अदंर उन्हे आऊट करने के लिये भावी पार्षद ने तैयारी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि राजी राजी नही तो बागी होकर भी ये बाजी अपने नाम करनी है। वो वार्ड का पूरा डाटा कलेक्ट कर चुके है और सपोर्ट उन्हे फूल के भीतर से ही मिल रही है। उनके प्रतिद्वंदी का कहना है कि ये बस दो साल और मेंबरी कर ले फिर इसका इलाज होना है। अव्वल तो मैं इसका टिकट ही नही होने दूंगा और अगर टिकट हो गया इसका तो मैं इसकी जीत को विकट कर दूंगा। इसने जो विरोधी शिकायत करके बनाये हैं वो सब मेरे सियासी मित्र बनेगें। आप देखना इसके सामने ही वार्ड में चुनावी हालात विकट और विचित्र बनेगें।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की समस्त इकाइयों का भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को पूर्ण समर्थन







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बुधवार को व्यापार मंडल के मुख्य कार्यालय 50 नया गंज पर जिलाध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में सभी ईकाईयों व सम्पूर्ण व्यापारियों से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को अपना समर्थन दिया। समर्थन देने वालों में जिले को सभी पदाधिकारी गण (अखिल भारतीय उद्योग व्यापार, महानगर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, युवा जिला अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, युवा महानगर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, पंचवटी व्यापार मंडल अखिल भारतीय अर्थ व्यापारी, भाटिया मोड़ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, कैला मध्य अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, डासना गेट जटवाड़ा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, शान्तिनगर विजयनगर अखिल भारतीय उपोग व्यापार मंडल और बागु अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल आदि सभी ने अपना पूर्ण समर्थन प्रत्याशी संजीव शर्मा को दिया। इस बार सभी संजीव शर्मा को विधायक के रूप में देखना चाहते है। जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से, दीपक गर्ग अनमोल बंसल, चेतन शर्मा, दुष्यंत गुप्ता, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता, श्रीपाल यादव, प्रवीन शर्मा, अरुण मित्तल, अरुण गुप्ता, नौशाद के अलावा सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए चुनावी सभा हुई आयोजित






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को वार्ड 39 के विष्णु आनंद विहार में पूर्व पार्षद हिमांशु लव के नेतृत्व में गाजियाबाद के भाजपा विधायक प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए एक चुनावी सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर वार्ड 39 में निवासी वार्ड 65 के पार्षद राजकुमार नागर एवं तरुण शर्मा की अध्यक्षता में गाजियाबाद से भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी संजीव शर्मा का स्वागत भी किया गया।

इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष चंदेला, ब्लाक अध्यक्ष वीरेन्द्र चौहान, महावीर नागर, ब्लाक अध्यक्ष योगेश शर्मा, योगेश गौड़, आनंद विहार के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, भाजपा गांधी नगर मंडल अध्यक्ष दयानंद बंसल, मंडल महामंत्री राहुल चौधरी, सुनील प्रताप सिंह, भीष्म जादोन, लवी विकल, संजीव गुप्ता, राजकुमार सोलंकी, तरुण ढींगड़ा, अमित भार्गव, रोहित शर्मा, गौरव डुंडियाल, अविनाश चौधरी (मंडल उपाध्यक्ष), संजय त्यागी, वकील सहाब, सौरभ त्यागी, अनिल नागर और अन्य निवासियों ने संजीव शर्मा का बहुत ही हर्षोल्लास से स्वागत किया और 20 नवंबर को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए आश्वस्त किया।

## जांच में समय लगने पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र देरी से बन रहे

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र देरी से बनने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर निगम के सुपरवाइजर और एसडीएम दफ्तर से आवेदन की जांच के बाद रिपोर्ट लगाने में समय लग रहा है। परेशान लोग जोनल कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 21 दिन से पहले आवेदन करने का नियम है। लेकिन बहुत से लोग समय निकलने के बाद आवेदन करते हैं। इसके बाद प्रमाण पत्र बनाने की प्रकिया कठिन है। जो लोग मृत्यु और जन्म प्रमाण पत्र देरी से बनवाते हैं उनके आवेदन की पहले जांच होती है। आवेदन कर्ता को सबसे पहले एसडीएम के नाम प्रार्थना पत्र लिखना होता है।

## एक्यूआई पहुंचा 400 पार, गले में खराश, आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हुक्मरानों की लापरवाही से आखिर लोनी की हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। बृहस्पतिवार को यहां का एक्यूआई 402 दर्ज किया। वहीं, जिले की हवा फिर से रेड जोन में पहुंच गई है।

बता दें कि हवा खराब से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। प्रदूषण के स्तर में सुधार के बजाय बढ़ोतरी हो रही है। दिनभर आसमान में धुंध छाई रही। लोगों के गले में खराश, सांस लेने में दिक्कत व आंखों में जलन हुई।

लोनी की हवा बीते छह दिन से बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई थी। वहीं, बीते दो दिन से जिले का एक्यूआई खराब श्रेणी में बना हुआ था। मंगलवार को 268 और बुधवार को 281 दर्ज किया गया था। वहीं, उससे पहले सोमवार को बेहद खराब श्रेणी में 314 था।

## आज होगा नमो भारत अनप्लग्ड म्यूजिकल का ग्रैंडफिनाले: नमो ट्रेन स्टेशन पर होगा आयोजन, 26 जुलाई को हुई थी शुरूआत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नमो भारत अनप्लग्ड : लाइव म्यूजिकल फ्राइडेज सीजन-1 का आखिरी परफॉर्मेंस (ग्रैंड फिनाले) शुक्रवार 8 नवंबर, 2024 को गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नमो भारत अनप्लग्ड म्यूजिकल में सुरों से समां बांधने वाले बैंड के साथ-साथ नई प्रतिभाएं भी शामिल होंगी। दो घंटे के इस खास कार्यक्रम में पांच बैंड और गायकों द्वारा शानदार संगीत प्रस्तुतियां दी जाएंगी। नमो ट्रेन के गाजियाबाद स्टेशन के गेट नंबर-4 के पास अनपेड कॉनकोर्स एरिया में ये कार्यक्रम आयोजित होता आ रहा है। सभी लोगों के लिए इसमें प्रवेश नि:शुल्क हैं। फिनाले में आरकेजीआईटी (ट्रेबल क्लेफ), आईआईएमटी यूनिवर्सिटी, डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया, अभिगर्व, जैम-इन-5 के बैंड की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा सिंगर निशांत शर्मा भी अपनी आवाज से लोगों का मनोरंजन करेंगे। ट्रेबल क्लेफ बैंड में आदित्य मिश्रा, कृष्णा त्यागी, एकांक अवस्थी, आकाश और चिराग दीक्षित शामिल हैं, जबकि अभिगर्व में अभिषेक कुंडू और गर्व शर्मा की प्रस्तुति होगी। सुमित राज और श्रुति मुस्कान गीत-संगीत से समां बांधेंगे इसके साथ ही डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया टीम से बादल शर्मा (एचआर कलाकार) और निकिता वर्मा रहेंगे। जैम-इन-5 से देवांश सिन्हा कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे। आईआईएमटी यूनिवर्सिटी से सुमित राज रौशन और श्रुति मुस्कान गीत-संगीत से समां बांधेंगे। साथ ही निशांत शर्मा अपनी सुमधुर आवाज से नए-पुराने गानों की प्रस्तुति देंगे। 26 जुलाई, 2024 को नमो भारत अनप्लग्ड : लाइव म्यूजिकल फ्राइडेज के इस सीजन की शुरूआत हुई थी, जिसमें अभी तक 15 सेशन आयोजित किए गए। तब से हर शुक्रवार शाम को गायकों और उनके बैंड ने गीत-संगीत से सराबोर करते हुए यात्रियों व लोगों का मनोरंजन किया।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा युवा नेता सिद्धार्थ युगल इन दिनों घर पर आराम कर रहे हैं। उनके पैर में चोट लगने पर प्लास्टर हुआ है और डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने के लिए कहा है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तथा विधान परिषद सदस्य प्राशनु दत्त द्विवेदी को जैसे ही पता चला तो वह देर रात ही सिद्धार्थ युगल के घर पहुंचे और उनकी कुशल शेम जानी। इस दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य युगांक यादव भी मौजूद रहे।

## निमंत्रण



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय जनसेवा समिति द्वारा 10 नवंबर को आयोजित होने वाले प्रथम भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन का निमंत्रण देने के लिए निगम पार्षद शीतल चौधरी दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंची। यह कार्यक्रम रविवार को पटेलनगर में छबीलदास मार्ग पर आयोजित होगा। इस अवसर पर पार्षद शीतल चौधरी के साथ सुमन सिंह तथा शुभम गर्ग मुख्य रूप से मौजूद थे।




## आज सिटी जोन में रहेगा हाई अलर्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में शुक्रवार का दिन हाई अलर्ट वाला रहेगा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि आज प्रदेश वाले महाराज जी का आगमन रहेगा। तो वहीं काले कोट वालों का बड़ा आंदोलन भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन अंतर्गत चल रहा है। इसमें भी आज का दिन बेहद प्रमुख है क्योकि कई जिलों के बार प्रमुख से लेकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं के दल गाजियाबाद वालों को समर्थन देने को आ रहे हैं। इसके साथ ही शहर सीट गाजियाबाद में विधानसभा उपचुनाव का पूरा का पूरा इलाका सिटी जोन में सर्वाधिक आता है। तो वहीं फ्राईडे को लेकर अलर्ट वाला सीन हमेशा ही देखने को मिलता है। इन सबके बीच सूत्र बता रहे हैं कि थोड़ी सी भी गड़बड़ी बड़ी टेंशन दे सकती है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने जानकारी मिली है कि फ्राइडे को सब कुछ राइट रहे, इसके लिए गुरुवार को खुद बड़े साहब से लेकर नंबर दो और उनके नीचे वाले अधिकारियों ने दो घंटे तक जो रिहर्सल की है वह इसीलिए की गई थी कि आज वाला मामला शानदार रहे। उधर लोकल वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस इलाके में मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम है, वहां का एक-एक मार्ग से लेकर एक-एक प्वाइंट तक की तैयारी सुरक्षा और व्यवस्था का प्रबंध किया गया है। सुनने में आ रहा है कि गुरुवार को कई साहब लोग ऑन रोड व ऑन ड्यूटी पर पूरी तरह से मुस्तैद देखे गए हैं। सुनने में आया है कि खुफिया वालों से लेकर प्रोटोकॉल वालों ने सड़क पर उतरकर व्यवस्था को करीब से देखने का काम किया है। तो वहीं ट्रैफिक वालों की भी पूरी की पूरी टीम हर मोड़ से गुजरी है, जहां से फ्लीट को आना और जाना है। टीम में मुख्य साहब से लेकर खास वाले थ्री-स्टार व एसीपी तक शामिल रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से लगभग दो घंटे तक मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पुलिस के अधिकारियों ने डेरा डाले रखा है, वह बताता है कि कार्यक्रम को लेकर किस हद तक सुरक्षा और अन्य जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा और प्लान हुआ है। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वाले जोन के लिए शुक्रवार हाई अलर्ट वाला दिन रहेगा क्योंकि कई तरीके के मामले चल रहे हैं। जिसमें थोड़ी सी भी हरकत और उठा पटक कई बड़े फरमान और करवाई वाले आदेश जारी करवा सकती है।



## फैमिली हेल्थ केयर ट्रस्ट ने लगाया मेडिकल कैंप



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली में गोविंद खंड विश्वकर्म नगर शाहदरा के शिशु भारती शिव मंदिर विद्यालय के परिसर में फैमिली हेल्थ केयर ट्रस्ट ने फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। कैंप में डॉक्टर सुरेश कुमार के द्वारा उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें हमने मरीजों की रक्त से संबंधित जांच की और बीपी की भी जांच की गई। जिसमें आसपास के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ सुरेश कुमार ने बताया कि फैमिली हेल्थ केयर ट्रस्ट लगातार अलग अलग क्षेत्रों में कैंप लगा रहा है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बिटिया हमेशा ही अपने पिता का सौभाग्य होती है। नन्ही परी आरना सैनी अपने पापा विपिन सैनी एडवोकेट की हार्ट बीट है। विपिन सैनी ने नन्हीं परी आरना के हैप्पी बर्थडे पर उसके लिए समस्त खुशियों की कामना की। जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# लोकतंत्र और समान न्याय के लिए कभी नहीं छोड़ूंगी लड़ाई, हार के बाद समर्थकों से बोलीं हैरिस

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप से मिली हार के बाद बुधवार को डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपनी हार स्वीकार कर ली। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में हावर्ड विश्वविद्यालय में अपने हजारों समर्थकों से कहा मैं इस चुनाव को स्वीकार करती हूं लेकिन मै लोकतंत्र और समान न्याय के लिए कभी नहीं छोड़ूंगी लड़ाई। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप ने जरूरी 277 इलेक्टोरल वोट का बहुमत हासिल कर जीत अपने नाम की। उन्होंने पेन्सिलवेनिया, जॉर्जिया, नॉर्थ कैरोलिना समेत अन्य स्विंग राज्यों में भी जीत हासिल की।

### कमला हैरिस का संदेश

डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैरिस ने अपने समर्थको से कहा कि अब समय है स्वतंत्रता, न्याय और भविष्य के लिए एकजुट होने, संगठित होने और मिलकर काम करने का। हम सब जानते हैं कि हम यह साथ में कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिन की शुरूआत में उन्होंने ट्रंप को उनकी चुनावी जीत पर बधाई देने के लिए फोन किया था। फोन पर ट्रंप से बातचीत के दौरान उन्होंने शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण का वादा किया।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उनके समर्थकों में निराशा है लेकिन हमें चुनाव के नतीजों को स्वीकार करना चाहिए। मैं समझती हूं लेकिन हमें इस चुनाव के नतीजों को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे यह भी कहा कि हम उनकी मदद करेंगे और हम सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण में शामिल होंगे।

### कमला की हार से उदास समर्थक

अमेरिकी चुनाव में कमला हैरिस की हार के बाद उनके समर्थकों के द्वारा निकाली गई रैली में माहौल बहुत ही उदास था। हजारों समर्थक शांत खड़े थे। हैरिस के अभियान के सहयोगी मंच के एक कोने में खड़े थे और गले मिल रहे थे। रैली में पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी और डीसी मेयर म्यूरियल बोसर को भी देखा गया। रैली के बाद हैरिस के परिवार के कुछ सदस्य आंसू पोंछते हुए बाहर निकल रहे थे।

हालांकि कमला हैरिस नेसमर्थकों को देखते हुए जल्द ही आक्रामक मूड अपनाते हुए कहा कि वह और उनके समर्थक उस मुद्दे के लिए लड़ते रहेंगे जिसके लिए वे लड़े थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश में हम किसी राष्ट्रपति या पार्टी के प्रति नहीं बल्कि अमेरिकी संविधान के प्रति और अपनी अंतरात्मा और अपने ईश्वर के प्रति वफादारी के लिए वचनबद्ध हैं।

### लड़ाई जारी रहेगी-हैरिस

हैरिस ने आगे कहा कि हम अपने लोकतंत्र, कानून के शासन, समान न्याय और इस पवित्र विचार के लिए लड़ते रहेंगे कि हम सभी के पास कुछ मौलिक अधिकार और स्वतंत्रताएं हैं जिनका सम्मान किया जाना चाहिए और उन्हें बनाए रखा जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निराश होना ठीक है लेकिन यह भी समझें कि समय के साथ यह स्थिति बेहतर होगी।

उन्होंने कहा कि अभियान पर, मैं यह कहूंगी कि जब हम लड़ते हैं, तो हम जीतते हैं।



# अमेरिका में सीआईए चीफ बनने की रेस में भारतवंशी कश्यप पटेल सबसे आगे, जानें ट्रंप के करीबी के बारे में सबकुछ

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब देश के नए राष्ट्रपति होंगे। उन्होंने चुनाव में अपनी डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वी और मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को हरा दिया है।


एक बार फिर चार साल के अंतराल के बाद व्हाइट हाउस में प्रवेश करने को तैयार हैं। बताया जा रहा है कि ट्रंप और उनकी टीम आने वाले हफ्तों में अपने नए मंत्रिमंडल और प्रशासन के अन्य उच्च अधिकारियों को चुनने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। इनमें कश्यप 'काश' पटेल का नाम खासा चर्चा में है। इस पद के लिए चचाओं में काश कई रिपोर्ट में ऐसा बताया जा रहा है कि ट्रंप कश्यप पटेल को अमेरिका में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी यानी सीआईए के चीफ की जिम्मेदारी दे सकते हैं। वह इस पद पर नियुक्त होने के लिए शीर्ष दावेदार बताए जा रहे हैं।

कई ट्रंप सहयोगियों ने सीआईए प्रमुख के रूप में नियुक्ति के लिए पटेल का नाम आगे रखा है। आइए जानते हैं कि आखिर कौन हैं डोनाल्ड ट्रंप के विश्वस्त और नजदीकी भारतवंशी कश्यप पटेल- भारतीय मूल के पटेल ट्रंप के वफादार हैं। उनका जन्म 1980 में न्यूयॉर्क के गार्डन सिटी में गुजराती भारतीय माता-पिता के घर में हुआ था, जो पूर्वी अफ्रीका से कनाडा के रास्ते संयुक्त राज्य अमेरिका में आकर बसे थे।

पटेल के पिता एक विमानन फर्म में वित्तीय अधिकारी के रूप में काम करते थे।

उन्होंने कानून की डिग्री हासिल करने के लिए न्यूयॉर्क लौटने से पहले रिचमंड विश्वविद्यालय में अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की। साथ ही उन्होंने ब्रिटेन में यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के विधि संकाय से अंतरराष्ट्रीय कानून में प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया।

कश्यप काश पटेल को जब एक प्रतिष्ठित लॉ फर्म में नौकरी नहीं मिली तो वह एक पब्लिक डिफेंडर बन गए और न्याय विभाग में शामिल होने से पहले मियामी में स्थानीय और संघीय अदालतों में लगभग नौ साल बिताए।



44 वर्षीय पटेल ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में ट्रंप के आतंकवाद विरोधी सलाहकार और उनके पिछले कार्यकाल के दौरान कार्यवाहक रक्षा सचिव के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में काम किया।

उन्हें बचाव पक्ष के वकील, संघीय अभियोजक, शीर्ष सदन के कर्मचारी और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी के रूप में भी अनुभव है। उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कई शीर्ष प्राथमिकताओं को अंजाम दिया था, जिसमें आईएसआईएस और अल-कायदा के अल-बगदादी तथा कासिम अल-रिमी जैसे नेताओं का सफाया और कई अमेरिकी बंधकों को वापस लाना शामिल था। ट्रंप के परम वफादार माने जाने वाले पटेल को उनके कार्यकाल के दौरान पूर्व राष्ट्रपति के लिए नियुक्त सलाहकारों के समूह में शीर्ष कुर्सी दी गई थी।

# हिंदू मंदिर में अराजकता की पीएम ट्रूडो ने की निंदा, लेकिन खालिस्तानियों की भागेदारी पर नहीं खोला मुंह

**ओटावा ।** कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित हिंदू सभा मंदिर हुए हमले को लेकर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने चुप्पी तोड़ते हुए हमले की निंदा की है। ट्रूडो ने रविवार को कहा कि इस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोग विभाजन और अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे थे। हंलाकि कनाडाई पीएम ने हमले में खालिस्तानी अलगाववादी की संलिप्तता को लेकर अपनी चुप्पी बरकरार रखी।

### हमले की निंदा की

कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो ने रविवार को ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में हुई हालिया हिंसा की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों का उद्देश्य देश में विभाजन और अशांति को भड़काना है। हाउस ऑफ कॉमन्स में बोलते हुए जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि जिन समुदायों ने हिंसा भड़काई, वे न तो सिख समुदाय



के थे और न ही कनाडा के हिंदू समुदाय के लोग। अपने बयान में ट्रूडो ने हालिया हमले में खालिस्तानी अलगाववादियों की संलिप्तता को रेखांकित करने से बचते दिखे।

उन्होंने कहा दिवाली और बंदी छोड़ दिवस के समय हम समुदायों को अपनी विविधता और ताकत का जश्न मनाने के लिए एक साथ आते हुए देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम कनाडाई लोगों की एकता के लिए खड़े रहेंगे।₹ यह रविवार को कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर परिसर के भीतर हिंदू-कनाडाई भक्तों पर खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा हमला किए जाने के बाद हुआ। बता दें कि कनाडा में हिंदू समुदाय के लिए काम करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन हिंदू कैनेडियन फाउंडेशन ने मंदिर पर हमले का एक वीडियो साझा किया और कहा कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने महिलाओं और बच्चों पर हमला किया।

> **कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने की निंदा**
>
> कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने एक वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी तत्वों द्वारा किए गए हिंसक व्यवधान की निंदा की। उच्चायोग ने यह भी कहा कि भविष्य में कोई भी कार्यक्रम स्थानीय अधिकारियों द्वारा किए गए सुरक्षा इंतजामों के आधार पर₹ आयोजित किया जाएगा।

कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने एक वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी तत्वों द्वारा किए गए हिंसक व्यवधान की निंदा की। उच्चायोग ने यह भी कहा कि भविष्य में कोई भी कार्यक्रम स्थानीय अधिकारियों द्वारा किए गए ₹सुरक्षा इंतजामों के आधार पर₹ आयोजित किया जाएगा।

उच्चायोग के बयान में कहा गया हमने 3 नवंबर को टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के साथ मिलकर आयोजित वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी तत्वों द्वारा हिंसक व्यवधान देखा।

उन्होंने कहा कि स्थानीय सह-आयोजकों के पूर्ण सहयोग से हमारे वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित किए जा रहे नियमित कार्यों में इस तरह के व्यवधानों को अनुमति देना बेहद निराशाजनक है।

## क्या ट्रंप की वापसी पर ड्रैगन घबराया, चीनी पीएम शी ने दी बधाई

**बीजिंग ।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस को बड़े अंतर से हरा दिया है। सिर्फ इलेक्टोरल



कॉलेज ही नहीं, पॉपुलर वोट में भी ट्रंप ने हैरिस के खिलाफ बाजी मार ली है। ऐसे में दुनियाभर से शुभकामनाएं मिल रही हैं। इसी क्रम में, चीन के प्रधानमंत्री शी जिनपिंग ने भी ट्रंप को जीत के लिए बधाई दी। साथ ही दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने का सही तरीका तलाशने का भी आह्वान किया। क्या बोले चीनी पीएम? एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शी ने ट्रंप को दिए अपने बधाई संदेश में दोनों देशों से बातचीत और संवाद को मजबूत करने, मतभेदों को सही तरीके से सुलझाने और परस्पर लाभकारी सहयोग का विस्तार करने की अपील की।

# जर्मनी के चांसलर शोल्ज ने सत्तारूढ़ गठबंधन को दिया झटका, वित्त मंत्री लिंडनर को किया बर्खास्त

**बर्लिन ।** जर्मनी के केंद्र-वाम सोशल डेमोक्रेट्स के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने बुधवार को सत्तारूढ़ गठबंधन पार्टी को झटका देते हुए वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर को बर्खास्त करने की घोषणा की है। गठबंधन के सदस्य सप्ताहों से देश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था को सुधारने के उपायों पर बहस कर रहे थे, लेकिन कोई समझौता नहीं हो पाया।

### शोल्ज ने दिया बयान

घोषणा के बाद शोल्ज ने कहा मुझे यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा ताकि हमारे देश को नुकसान से बचाया जा सके। हमें एक प्रभावी सरकार की जरूरत है जो हमारे देश के लिए जरूरी निर्णय लेने की ताकत रखती हो। बता दें कि लिंडनर जो प्रोपर्टी-व्यवसाय समर्थक फ्री डेमोक्रेट्स (ऋछ्ठ) से हैं ने करों में



बढ़ोतरी या जर्मनी के कड़े कर्ज प्रतिबंधों में बदलाव का विरोध किया था।

एक बार फिर हो रही बैठक

जानकारी के अनुसार जर्मनी के गठबंधन सरकार के नेता बुधवार को एक बार फिर मिल रहे हैं ताकि देश की अर्थव्यवस्था को ठीक करने के लिए एक बार फिर विचार किया जा सके। हंलाकि केंद्र-वाम सोशल डेमोक्रेट्स के चांसलर ओलाफ शोल्ज, प्रोपर्टी-व्यवसाय समर्थक फ्री डेमोक्रेट्स के वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर और पर्यावरणवादी ग्रीन पार्टी के अर्थव्यवस्था मंत्री रॉबर्ट हैबेक अर्थव्यवस्था को मजबूत करना चाहते हैं, लेकिन इस पर उनके विचारों में मतभेद होन की खबर भी लगातार सामने आ रही है।

### क्या है बैठक का उद्देश्य

वहीं बात इस बैठक की करें तो गठबंधन समिति की बैठक बुधवार को इस पर ध्यान केंद्रित करेगी कि 2025 के बजट में एक बिलियन यूरो का घाटा कैसे पूरा किया जाए और जर्मन अर्थव्यवस्था को फिर से सही रास्ते पर कैसे लाया जाए। हालांकि, वे अर्थव्यवस्था को फिर से शुरू करने के तरीके पर मौलिक रूप से असहमत हैं।

# अब तक का सबसे गर्म साल होगा 2024, जानें पहली बार किस स्तर तक पहुंचेगा वैश्विक तापमान

**ब्रसेल्स ।** दुनियाभर में जलवायु परिवर्तन का असर अब तेजी से दिखने लगा है। इस बीच यूरोप की जलवायु परिवर्तन एजेंसी कॉपरनिकस ने डराने वाली भविष्यवाणी की है। एजेंसी ने कहा है कि यह लगभग तय है कि 2024 रिकॉर्ड में सबसे गर्म साल होगा। बयान में कहा गया है कि यह पहली बार होगा, जब औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा होगा।

कॉपरनिकस ने यह भविष्यवाणी इसी साल अक्तूबर के सबसे गर्म रहने के बाद की है। 11 नवंबर को अजरबैजान के बाकू में होने वाली संयुक्त राष्ट्र की जलवायु कॉन्फ्रेंस से ठीक पहले कॉपरनिकस के इस एलान ने वैज्ञानिकों को चिंता में डाल दिया



है। यूएन की इसी कॉन्फ्रेंस में विकसित देश जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए विकासशील देशों को 2025 से आर्थिक मदद देने पर सहमत हो सकते हैं।

कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस की उप-निदेशक समांथा बर्जेस ने कहा, ₹2024 के 10 महीनों के बाद यह लगभग तय है कि 2024 रिकॉर्ड में सबसे गर्म साल होगा। बयान में कहा गया है कि यह पहली बार होगा, जब औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा होगा। यह वैश्विक तापमान की बढ़ोतरी में नया रिकॉर्ड होगा और कॉप29 समिट से पहले जलवायु परिवर्तन को लेकर एक अहम मुद्दा होना चाहिए। यूरोपीय एजेंसी के वैज्ञानिकों ने ही पिछले महीने बताया था कि 2024 का अक्तूबर पूरी दुनिया में दूसरा सबसे गर्म अक्तूबर रहा। इससे पहले 2023 का अक्तूबर भी काफी गर्म था, तब सतह पर हवा का औसत तापमान 15.25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो कि 1991 से 2020 के अक्तूबर के औसत तापमान से 0.80 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था।

# बिगड़ते जा रहे भारत-कनाडा रिश्ते; भारतीय दूतावास ने रद्द किए कुछ शिविर, सुरक्षा न मिलने से उठाया कदम

**नई दिल्ली ।** भारत और कनाडा के बीच के रिश्ते दिन पर दिन बिगड़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने अपने कुछ निर्धारित वाणिज्य दूतावास शिविरों को रद्द कर दिया है। इसके पीछे की वजह कनाडा की ओर से पर्याप्त सुरक्षा न मुहैया कराया जाना बताई गई है। भारतीय दूतावास के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों ने सामुदायिक शिविर आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में अपनी असमर्थता जताई है। इस वजह से हमें अपने कार्यक्रम रद्द करने पड़े हैं।

यह कदम ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक वाणिज्य दूतावास कार्यक्रम में खालिस्तानी झंडे लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारियों के हमले की घटना के कुछ दिनों बाद उठाया गया। तीन नवंबर



को ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में विरोध प्रदर्शन हुआ और सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रदर्शनकारियों को खालिस्तान के समर्थन में बैनर थामे देखा जा सकता है। प्रदर्शनकारियों ने लोगों के साथ मारपीट की और वाणिज्य दूतावास के कार्यक्रम को बाधित किया।

यहां से और बिगड़ने लगे हालात

दरअसल, भारत और कनाडा के बीच उस वक्त और तल्खी आ गई, जब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सरकार के एक मंत्री ने दावा किया कि कनाडा में सिख अलगाववादियों पर एक्शन का आदेश अमित शाह की ओर से दिया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा के विदेश उप-मंत्री डेविड मॉरिसन ने एक संसदीय पैनल में यह बयान दिया था।

> **भारत ने जताया था विरोध**
>
> अमित शाह के खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी। मामले में सख्त रुख अपनाते हुए भारत ने कनाडाई अधिकारी को तलब किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि हमने कल कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया। भारत सरकार कनाडा सरकार में मंत्री डेविड मॉरिसन की ओर से समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में किए गए बेतुके और निराधार आरोपों का सबसे कड़े शब्दों में विरोध करती है।

### बिना किसी सबूत के दावा करने की बात स्वीकारी

हालांकि, बाद में मॉरिसन ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने ही बिना किसी सबूत के वाशिंगटन पोस्ट के पत्रकार को शाह के नाम की जानकारी लीक की थी। इस अखबार ने लिखा था कि अमित शाह ने कनाडा में सिख अलगाववादियों को निशाना बनाकर हिंसा, धमकी और खुफिया जानकारी जुटाने का अभियान चलाने का आदेश दिया।

अमित शाह के खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी। मामले में सख्त रुख अपनाते हुए भारत ने कनाडाई अधिकारी को तलब किया था।


# बाइडन ने ट्रंप को फोन कर दी जीत की बधाई

**वॉशिगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए डोनाल्ड ट्रंप को फोन किया और उनकी जीत पर उन्हें बधाई दी। व्हाइट हाउस ने यह भी बताया कि बाइडन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से भी फोन पर बात की और उन्हें उनके ऐतिहासिक अभियान के लिए बधाई दी।

मौजूदा राष्ट्रपति ने ट्रंप से देश को साथ लाने के लिए काम करने के महत्व पर जोर दिया। व्हाइट हाउस ने कहा, 'बाइडन ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप को व्हाइट हाउस में मिलने का निमंत्रण भी दिया। मुलाकात के लिए भविष्य में कोई तारीख तय की जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रपति बाइडन कल चुनाव परिणामों और सत्ता हस्तांतरण पर चर्चा करने के लिए देश को संबोधित करेंगे।'

### राष्ट्रपति ट्रंप बैठक की प्रतीक्षा कर रहे: चेउंग

ट्रंप अभियान संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने बताया, 'राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देने के लिए फोन किया और



वर्तमान प्रशासन तथा आने वाले प्रशासन के बीच एक सहज हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए व्हाइट हाउस को निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति ट्रंप बैठक की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जो शीघ्र ही होगी और उन्होंने इस बाइडन द्वारा फोन किए जाने की काफी सराहना की।' असाधारण परिस्थितियों में हैरिस ने ऐतिहासिक अभियान का नेतृत्व किया: बाइडन राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को असाधारण परिस्थितियों में ऐतिहासिक अभियान का नेतृत्व करने के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की सराहना की। उन्होंने कहा, 'अमेरिका ने आज जो देखा वह कमला हैरिस थीं, जिन्हें मैं जानता हूं और जिनकी मैं गहराई से प्रशंसा करता हूं। वह एक जबरदस्त साथी और ईमानदारी, साहस और चरित्र से भरी सार्वजनिक सेवक रही हैं।

उन्होंने कहा, 'असाधारण परिस्थितियों में, उन्होंने कदम बढ़ाया और एक ऐतिहासिक अभियान का नेतृत्व किया, जो यह दशार्ता है कि एक मजबूत नैतिक दिशा और देश के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित होने पर क्या कुछ संभव है, जो अधिक स्वतंत्र, अधिक न्यायपूर्ण और सभी अमेरिकियों के लिए अधिक अवसरों से परिपूर्ण है।'

# निराश्रित बच्चों के लिए सुरक्षित और संवेदन -शील वातावरण बनाने में जुटी योगी सरकार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के लिए एक नई और महत्वपूर्ण पहल की है। इस पहल के तहत राज्य के विभिन्न जनपदों में 10 नए बाल संरक्षण गृहों का निर्माण और संचालन किया जाएगा। इन संरक्षण गृहों का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है, जहां वे अच्छे नागरिक के रूप में विकसित हो सकें। महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तावित इस योजना के अनुसार, प्रदेश के मथुरा, प्रयागराज, कानपुर नगर, आजमगढ़, झांसी, अमेठी, फैजाबाद, देवरिया, सुल्तानपुर तथा ललितपुर में इन संरक्षण गृहों की स्थापना की जाएगी। हर संरक्षण गृह में 100-100 बच्चों को रखने की क्षमता होगी, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित किया जा सके। इनमें 1 राजकीय बाल गृह (बालिका), 1 राजकीय बाल गृह (बालक), 7 राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर), किशोर न्याय बोर्ड सहित 1 प्लेस ऑफ सेफ्टी गृह शामिल है। इन संरक्षण गृहों में बच्चों को न केवल रहने की सुविधाएं दी जाएगी, बल्कि उनके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास का भी ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग इन संरक्षण गृहों की स्थापना से असहाय और संवेदनशील बच्चों को एक नया जीवन देकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। इन गृहों में बच्चों को एक संरक्षित वातावरण में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और जीवन कौशल जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस योजना के तहत राज्य सरकार ने बाल संरक्षण गृहों के निर्माण के लिए आवश्यक फंड भी निर्धारित किए हैं। सभी गृहों का निर्माण योगी सरकार अपने बजट से करेगी। वहीं इन गृहों के संचालन में केंद्र सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों के केंद्रांश-60 प्रतिशत और राज्यांश-40 प्रतिशत के अनुसार राज्य सरकार पर 7.96 करोड़ रुपये का व्ययभार आएगा। इसके साथ ही 'मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना' के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। योजना के सफल संचालन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन गृहों का निर्माण और प्रबंधन गुणवत्ता मानकों के अनुसार किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कंसल्टेंट्स का चयन भी किया है, ताकि इन बाल संरक्षण गृहों में दी जाने वाली सेवाओं का उच्चतम स्तर सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्देश्य है कि राज्य का कोई भी बच्चा असुरक्षित या उपेक्षित महसूस न करे। सीएम योगी ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि वे समाज के भविष्य हैं। इस योजना के तहत बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी, जो उनकी सुरक्षा और कल्याण के प्रति संजीदा होंगे। इन बाल संरक्षण गृहों में बच्चों को उनकी उम्र और जरूरतों के हिसाब से सेवाएं दी जाएंगी।

# शरद पवार को विश्वास, 'इस बार जनता परिवर्तन के मूड में'



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो गई है। सभी पार्टियां खुद को दूसरे से बेहतर बता रही हैं इस बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने दावा किया है कि महाअघाड़ी की जीत का उन्हें पूरा विश्वास है। उन्होंने इसके पीछे का कारण जनता के मूड को बताया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख ने ये बातें नागपुर में कहीं। यहां उन्होंने पत्रकारों से महाराष्ट्र की मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति पर विस्तृत बातचीत की। इस दौरान अपने गठबंधन की खूबियां और विरोधी खेमे की खामियां बताई। उन्होंने कहा कि हम सभी प्रचार के लिए तैयार हो चुके हैं। प्रचार का आगाज अच्छा रहा। गति भी अच्छी रही। हम लोगों के बीच जा रहे हैं। हमारे अन्य सहयोगी दल मसलन कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) की भी शुरूआत अच्छी रही। महाराष्ट्र की जनता मौजूदा सरकार से त्रस्त हो चुकी है। हमें पूरा विश्वास है कि इस बार यहां की जनता परिवर्तन के मूड में है। इस बार महाराष्ट्र में परिवर्तन होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं अभी नागपुर में हूं। कल हिंगणघाट जाऊंगा। वहां प्रचार करूंगा। हमारी कोशिश है कि जनता के बीच जाकर उनसे संवाद स्थापित करें और उन्हें अपनी खूबियों के बारे में बताए। यह सब कुछ 18 तारीख तक चलेगा।

हम सभी लोग चुनावी मैदान में उतरने के लिए उत्साहित हैं। इसके अलावा, उन्होंने आरक्षण को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मैं पिछले तीन साल से जातीय जनगणना की मांग कर रहा हूं, ताकि मौजूदा स्थिति को समझा जा सके। इस बीच, उनसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान को लेकर जब सवाल किया गया, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। वो मुस्कुरा कर चल दिए।

# छठ महापर्व : सांसद रवि किशन गोरखनाथ मंदिर और रामघाट पर पहुंचे



**गोरखपुर।** छठ महापर्व के पावन अवसर पर गोरखपुर के सांसद और प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन शुक्ला ने गोरखपुरवासियों सहित प्रदेश और देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए पर्व का महत्व रेखांकित किया। गोरखनाथ मंदिर और रामघाट पहुंचकर उन्होंने श्रद्धालुओं संग परंपरागत तरीके से भगवान सूर्य की उपासना की, जिससे समूचे माहौल में विशेष उत्सव की झलक दिखाई दी। गोरखनाथ मंदिर में छठ पर्व के दौरान भक्तों की भारी भीड़ में जब सांसद रवि किशन शुक्ला पहुंचे, तो वहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। पूजा-अर्चना कर सूर्य देवता के सामने नतमस्तक होते हुए रवि किशन ने आशीर्वाद लिया और छठ पर्व की महत्ता पर विचार साझा किए। इस अवसर पर रवि किशन शुक्ला ने कहा, छठ महापर्व भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, जो आस्था, प्रकृति और पर्यावरण के प्रति आदर और प्रेम को दशार्ता है। यह पर्व हमें आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देता है।

मैं गोरखपुर, प्रदेश और समस्त देशवासियों को इस पवित्र पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। इसके बाद सांसद रवि किशन रामघाट पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर रहे थे। उन्होंने घाट पर मौजूद लोगों के बीच समय बिताया, पर्व की खुशियों को साझा किया और लोगों के साथ तस्वीरें भी ली। रवि किशन की उपस्थिति से वहां का माहौल और अधिक धार्मिक और उत्साहजनक हो गया।

## न्यूज डायरी

# दिल्ली में रंगा सियार खुलेआम घूम रहा है : मनोज तिवारी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रंगा सियार बताया है। कहा कि दिल्ली में अभी रंगा सियार घूम रहा है। मैं दिल्ली के लोगों को सुझाव देना चाहूंगा कि वो इस रंगे सियार से सतर्क रहें। आमतौर पर रंगे सियार का इस्तेमाल धोखेबाज व्यक्ति के लिए जाता है। मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल ने वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद हम दिल्ली के लोगों को मुफ्त बिजली और पानी देंगे। लेकिन, विडंबना देखिए कि लोगों को बिल भरने पड़ रहे हैं। लेकिन, यह सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। उन्होंने कहा, केजरीवाल लोगों के बीच में नया झूठ परोसने की कोशिश कर रहे हैं। जब वो जेल से आए, तो सबसे पहले उन्होंने अपनी रिमोट (आतिशी) को मुख्यमंत्री बना दिया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली में घूमना शुरू कर दिया और लोगों के बीच यह दावा करने लगे कि हमने बिजली का बिल कम कर दिया। लेकिन, अब लोग सामने आकर कह रहे हैं कि ऐसा नहीं हुआ है। बिजली का बिल अभी-भी बहुत ज्यादा आ रहा है। लोगों का जीना दूभर हो चुका है। दिल्ली के लोग लगातार अपनी शिकायत दर्ज करवा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, यह बहुत ही हैरान करने वाला है कि कैसे पलक झपकते ही रंगे सियार ने अपना रंग तुरंत बदल दिया। मुझे पता है कि लोगों को बहुत ज्यादा बिल देना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा, अब रंगे सियार का नया रंग देखिए कि केजरीवाल कह रहे हैं कि 2025 में हमारी सरकार बनवा दीजिए, तो हम आपके बिजली और पानी के बिल माफ कर देंगे। अरे भई सरकार आपकी है। पूरी सत्ता आपके पास है। मुख्यमंत्री आपका है। सारी शक्तियां आपके पास है और आप कह रहे हैं कि हमें 2025 में सत्ता में आने दीजिए, तो हम आपका सारा बिल माफ कर देंगे। उन्होंने कहा, हमारा सीधा-सा सवाल है कि जब आपकी सरकार है, तो आखिर बिल कैसे आ गया। इसके अलावा, अगर बिल आ गया है, तो फिर आप अगली सरकार का इंतजार क्यों कर रहे हैं। आप आज ही क्यों नहीं बिल को माफ कर देते हैं। उन्होंने कहा, ह्लदिल्ली की जनता को केजरीवाल से सावधान रहने की जरूरत है। इन पर किसी भी कीमत पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। यह कभी-भी रंग बदल सकते हैं। इस सरकार को दिल्ली की जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। मैं अभी कहना चाहूंगा कि दिल्ली की जनता का अभी बिल माफ होना चाहिए। मैं कहूंगा कि एक दिसंबर से ही सभी बिल माफ नहीं होना चाहिए।

# सरकारी नौकरी में भर्ती प्रक्रिया के बीच नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी नौकरी में भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार के नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। दरअसल, शीर्ष न्यायालय इस संबंध में सुनवाई कर रही थी कि चयन प्रक्रिया शुरू होने के बाद किसी नियम में बदलाव किया जा सकता है या नहीं।

इस पर कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि एक बार चयन प्रक्रिया शुरू होने के बाद नियमों में किसी भी प्रकार का बदलाव संभव नहीं है। पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि चयन प्रक्रिया अनुच्छेद 14 के अनरूप होने चाहिए। पहले से जो नियम निर्धारित हैं, उसी के अनरूप पूरी भर्ती प्रक्रिया को संपन्न किया जाना चाहिए। भर्ती प्रक्रिया के दौरान नियमों में बदलाव किए जाने से उम्मीदवारों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उधर, राजस्थान हाईकोर्ट के निर्णय को देखते हुए शीर्ष न्यायालय का यह फैसला अहम हो जाता है। दरअसल, 2013 में राजस्थान सरकार ने अनुवादकों की भर्ती के दौरान नियमों में कुछ बदलाव किया था। इसमें कहा गया था कि महज वही उम्मीदवार नियुक्ति के पात्र होंगे, जिन्होंने मौखिक और लिखित दोनों परीक्षाओं में 75 फीसद से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया गया था कि यह नियम उन अभ्यर्थियों पर लागू होंगे, जो पहले ही परीक्षा दे चुके हैं। इससे अभ्यर्थियों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। वहीं, गुरुवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर बल दिया कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए, ताकि सभी उम्मीदवारों को समान अवसर प्राप्त हो सके। कोर्ट ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के बीच किसी भी नियम में फेरबदल करना न्यायसंगत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया का उद्देश्य यह देखना है कि किसी विशेष पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार कौन है।

# पाताल में गया अनुच्छेद 370, वापस कभी नहीं आएगा : मुख्तार अब्बास नकवी



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने दावा किया है कि अनुच्छेद 370 अब बीते दिनों की बात हो चुका है। उनके मुताबिक कुछ अलगाववादी ताकतें जम्मू कश्मीर के हितों को ध्यान में रखे बिना इसकी बहाली की बात कर रही हैं। इसके साथ ही नकवी ने देश विदेश से जुड़े कई मसलों पर अपनी राय रखी। मुख्तार अब्बास नकवी ने आईएएनएस को बताया कि जो लोग इस तरह की बेवकूफी कर रहे हैं, उनको भी पता है कि हमारे संविधान में विधानसभा के क्या अधिकार हैं और संसद के क्या अधिकार हैं? ऐसे में अगर वो संसद के अधिकार पर अतिक्रमण करने की बेवकूफी में लगे हों, तो उसका कोई फायदा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अब 370 पाताल में जा चुका है, जो कभी नहीं आ पाएगा। लेकिन उसके बावजूद अगर आप ऐसी हरकत कर रहे हैं, तो उसका मकसद यह है कि 370 के खात्मे के साथ जम्मू-कश्मीर के समस्याओं का समाधान हुआ है। सबने देखा कि चुनाव में लोगों ने अपने मतों का इस्तेमाल किया। लेकिन कुछ अलगाववादी ताकतें हैं, जिनके वे हितैषी हैं। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के नए राष्ट्रपति बने, जिस पर पीएम मोदी समेत कई बड़े नेताओं ने बधाई दी।

लेकिन वहीं, मणिशंकर अय्यर ने उनको चरित्रहीन बताया, इस पर भाजपा नेता ने अय्यर को विवादित इंसान कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे हताश और निराश लोग समय-समय पर रंग में भंग डालने में माहिर होते हैं। उन्होंने इतिहास में कई विवादित बयान दिए हैं। दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र का दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र ने स्वागत किया है। जेपीसी के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने सवाल किया है कि वो अकेले ही लोगों से मिल रहे हैं। इस पर नकवी ने कहा कि तर्कों की तंगी वाले कुर्तकों के हुड़दंगी बन गए हैं। विपक्ष के पास न तो लॉजिक है और न ही कोई तर्क है। उनको बात करनी चाहिए, लेकिन वो बहिष्कार में लगे हुए हैं, जिससे कोई फायदा नहीं होने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि वक्फ के सिस्टम में संवैधानिक सुधार की जरूरत है और इस पर सांप्रदायिक हमला करके किसी को कोई फायदा नहीं मिलेगा।

# झारखंड-महाराष्ट्र में बोलकर दिखाएं कि भारत का बंटवारा चाहते है : स्मृति ईरानी



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 को लेकर मचे बवाल पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीकों से चुनी गई सरकार विकास के मुद्दों पर काम करने की बजाय भारत को जोड़ने की बजाय तोड़ने का प्रमाण दे रही है। मैं कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं से कहना चाहती हूं कि अनुच्छेद 370 कभी पुनर्स्थापित नहीं होगा, भारत को विभाजित करने का उनका प्रयास कामयाब नहीं होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को भी चुनौती दी। उन्होंने कहा, जहां तक अनुच्छेद 370 की बहाली के मुद्दे का सवाल है, मुझे नहीं पता कि उमर अब्दुल्ला ने क्या बयान दिया है। लेकिन, अगर उनमें हिम्मत है, तो मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि वह झारखंड और महाराष्ट्र में जाकर किसी भी मंच से यह बात बोल दें। भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, इंडी गठबंधन ने जो प्रस्ताव पारित किया है, उसके तहत वह जम्मू-कश्मीर में भारत के संविधान के खिलाफ एक नई जंग लड़ते दिख रहे हैं। आज मैं इंडी गठबंधन के नेताओं से पूछना चाहती हूं कि भारत की संसद और सुप्रीम कोर्ट के फैसले जो सबको स्वीकार्य हैं।

# स्मॉग में लिपटी राजधानी, हवा जहरीली, सांसों पर संकट बरकरार, बढ़ा रहा दिल्लीवालों की चिंता



**नई दिल्ली।** दिल्लीवासियों को आने वाले कई दिनों तक प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। हवा की गति लगातार कम होती जा रही है, जो हवा में जहर घोलने का काम कर रही है। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 400 के पार जा पहुंचा है। कई हिस्सों में धुंध की मोटी परत छाई हुई है। दिल्ली की हवा इन दिनों जहरीली बनी हुई है। दिल्ली के कई हिस्सों में धुंध की मोटी परत छाई हुई है। दिल्ली के लोगों को आने वाले कई दिनों तक प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। बीते कई दिनों से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के अनुसार, आज सुबह आनंद विहार में एक्यूआई 426, मुंडका में एक्यूआई 417 बवाना में 411, बुराड़ी में 377, अशोक विहार 417, आईटीओ 358, जहांगीरपुरी 428, रोहिणी 405, नजफगढ़ 363, आरकेपुरम 378, पंजाबी बाग 388, सोनिया विहार 399, द्वारका सेक्टर 8 में 380 दर्ज किया गया है। वहीं, बुधवार को एक्यूआई 352 रहा, जोकि बेहद खराब श्रेणी में है। इसमें मंगलवार के मुकाबले 21 अंकों की कमी दर्ज की गई। सुबह आसमान में हल्की स्मॉग की चादर छाई नजर आई।

### शुक्रवार तक बेहद खराब श्रेणी में रहेगी हवा

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, बुधवार को हवा विभिन्न दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। बृहस्पतिवार को भी हवा विभिन्न दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी। वहीं, शुक्रवार को हवा विभिन्न दिशा की ओर से चलेगी। हवा की चाल 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। शनिवार को भी हवा विभिन्न दिशा की ओर से चलेगी। इस दौरान हवा की चाल 4 से 8 किमी प्रतिघंटा रहेगी। वहीं, रात के समय हल्का कुहासा छाए रहने की संभावना है। स्मॉग छाई रहेगी। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी।

# सपा कार्यालय के बाहर लगा एक और पोस्टर... बटेंगे तो सिलेंडर 1200 में मिलेगा, एक रहेंगे तो 400 में




**लखनऊ।** यूपी में सीएम योगी के बयान बटेंगे तो कटेंगे के जवाब में पोस्टरवार जारी है। अब एक नया पोस्टर सपा कार्यालय के बाहर लगाया गया है। जो कि सोशल मीडिया पर वायरलहो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान बटेंगे तो कटेंगे... को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में लगातार पोस्टरवार जारी है। बृहस्पतिवार को सपा कार्यालय के बाहर एक और पोस्टर लगाया गया है जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर लगाई गई है। पोस्टर में कहा गया है कि अगर बंटेंगे तो एक सिलेंडर 1200 रुपये में मिलेगा और एक रहेंगे तो 400 रुपये में मिलेगा। यह पोस्टर कांग्रेस नेता अजीत कुमार मौर्या की तरफ से लगाया गया है। बता दें कि सीएम योगी के बयान पर सपा ने पलटवार करते हुए कहा था कि न बटेंगे न कटेंगे पीडीए संग रहेंगे। इस पोस्टर में भी पीडीए मतलब पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के एक रहने की बात कही गई है। पोस्टर में दाहिनी तरफ ऊपर की तरफ सभी धर्मों के लोगों को प्रदर्शित करते हुए एक तस्वीर भी लगाई गई है। पोस्टर में लिखा है.. न बटेंगे न कटेंगे एक हैं और एक रहेंगे। बटेंगे तो गैस सिलेंडर 1200 रुपये में मिलेगा एक होंगे तो 400 रुपये में मिलेगा। इसी तरह, इसके पास एक और पोस्टर लगाया गया है जिसमें कहा गया है कि पीडीए की होगी जीत- एकता की होगी जीत। गंगा-जमुना, तहजीब को न ही बंटने देंगे ना ही समाज की एकता को कटने देंगे। यह पोस्टर सपा प्रवक्ता अभिषेक बाजपेई की तरफ से लगाया गया है। प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होना है। परिणाम की घोषणा 23 नवंबर को होगी। इस पोस्टरवार को उपचुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव की रोशनी में देखा जा रहा है।

# अखाड़ा परिषद की बैठक में संतों के बीच मारपीट
# अखाड़े के दोनों गुट आए आमने-सामने



**प्रयागराज।** दारागंज में पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसी तरह दारागंज में ही श्री पंचायती अखाड़ा निमोर्ही में महंत राजेंद्र दास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। दो धड़ों में बंटे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के संतों के बीच बृहस्पतिवार को मारपीट हो गई। इससे काफी देर तक अफरातफरी मची रही। दारागंज में पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसी तरह दारागंज में ही श्री पंचायती अखाड़ा निमोर्ही में महंत राजेंद्र दास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान दोनों धड़ों के संतों में पहले कहासुनी हुई। इसके बाद मारपीट हो गई। इससे काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा।


### भूमि आवंटन के लिए पहुंचे थे मेला कार्यालय

अखाड़ा परिषद के दोनों धड़ों के संत भूमि आवंटन की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे थे। बताया जाता है कि इस दौरान निमोर्ही अखाड़े के महंत राजेंद्र दास से कुछ संतों से कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इससे मेला कार्यालय पर अफरातफरी मच गई। मौके पर जूना अखाड़े के संरक्षक और अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

### काफी दिनों से चल रही है रस्साकसी

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष पद को लेकर संतों के दो धड़ों में काफी दिनों से विवाद चल रहा है। अखाड़ों और साधुओं को अपने पक्ष में करने के लिए रस्साकसी चल रही है। दूसरा धड़ा अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र गिरि को अध्यक्ष मानने के लिए तैयार नहीं है।

# 11 नवंबर से आप का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन, केजरीवाल का संदेश पहुंचाएंगे घर-घर



**नई दिल्ली।** आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली विधानसभा की तैयारियों को लेकर आप लगातार सक्रिय है। 11 नवंबर से दिल्ली में जिला सम्मेलन कार्यक्रम शुरू होगा। दिल्ली विधानसभा चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बूथ स्तर पर पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल और बढ़ाने के लिए आप 11 नवंबर से दिल्ली में जिला सम्मेलन कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। इसके तहत आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बताया कि 11 से 20 नवंबर तक दिल्ली के 14 जिलों में यह कार्यक्रम किया जाएगा। पूरे दिल्ली में चुनाव की जिम्मेदारी संभालने के लिए पार्टी के एक लाख पदाधिकारी बनाएगी। राय ने बुधवार को राज निवास मार्ग, सिविल लाइन में प्रेस वार्ता कर कहा कि हर जिले में पांच विधानसभा क्षेत्र कवर होंगे। 11 नवंबर से शुरू होने वाला यह सम्मेलन 20 नवंबर तक चलेगी। इसके तहत 11 नवंबर को किराड़ी और तिलक नगर, 12 नवंबर को राजेंद्र नगर और संगम विहार, 15 नवंबर मॉडल टाउन और नजफगढ़, 16 नवंबर को त्रिलोकपुरी और बाबरपुर, 18 नवंबर को वजीरपुर और नरेला, 19 नवंबर को कड़कड़डूमा और घोंडा, 20 नवंबर को महरौली और नई दिल्ली विधानसभा में होगा।